▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 133
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़

राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, शुक्रवार 27 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

पंचायत चुनावों को लेकर बोले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा- चुनौतियों से डरेंगे नहीं

संविधान दिवस कार्यक्रम में सीएम ने कहा- कुछ लोगों को लगता है कि भ्रम फैलाकर सरकार के संकल्पों को कमजोर कर देंगे

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंचायत चुनाव के रिजल्ट पर इशारों-इशारों में जवाब दिया है। गुरुवार को भाजपा के संविधान दिवस कार्यक्रम में सीएम ने कहा- कुछ लोगों को लगता है कि भ्रम फैलाकर सरकार के संकल्पों को कमजोर कर देंगे, लेकिन जो लोग बड़े संकल्प लेकर निकलते हैं, वे ऐसी बाधाओं से घबराते नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा- हम चुनौतियों से डरने वाले नहीं हैं और अपने संकल्पों से पीछे हटने वाले नहीं हैं। भ्रम फैलाने वाले जानते हैं कि भ्रम का प्रभाव कुछ समय तक रहता है, आखिरकार जीत सत्य की होती है। भ्रम फैलाकर, झूठे नरैटिव गढ़कर जनता के बीच गलतफहमियां पैदा करके कुछ समय के लिए राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर सकते हैं, लेकिन हम अपने संकल्पों से पीछे नहीं हटेंगे। पंचायत चुनावों के रिजल्ट के बाद मुख्यमंत्री ने पहली बार इस पर अपनी टिप्पणी की है। गौरतलब है कि पंचायत चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद बुधवार को ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री और सभी महामंत्रियों को दिल्ली बुलाया गया था। इन सभी नेताओं की राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ मीटिंग हुई है।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- अंत में सफलता उसी को मिलती है, जो अच्छी नीयत से अच्छाई और सच्चाई के रास्ते पर चलता है। हम किसी दुष्प्रचार से विचलित होने वाले नहीं है। दुष्प्रचार का जवाब हम अपने काम से देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा- जब जनता की सेवा का संकल्प मजबूत हो तो रास्तों की कोई भी बाधा मंजिल पर पहुंचने से नहीं रोक सकती है। राजस्थान को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा की सरकार और भाजपा के कार्यकर्ता लगातार काम करते रहेंगे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा- कांग्रेस के कई नेता असल में उन्होंने बचपन से यही सीखा है। उन्होंने बचपन से देखा है कि कैसे उनका परिवार संविधान की मर्यादा को तार-तार करता रहा है। इंदिरा गांधी ने 39वें और 42वें संशोधन के जरिए संविधान को बदलने का प्रयास किया। भजनलाल शर्मा ने कहा- कांग्रेस ने अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के लिए हमेशा संवैधानिक संस्थाओं को ताक पर रखने का काम किया। कांग्रेस ने बार-बार राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाया। अकेले इंदिरा गांधी ने 50 बार राष्ट्रपति शासन लगाने का काम किया।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- संविधान दिवस की इस महत्वपूर्ण तारीख को पहले उतना महत्व नहीं मिला, जितना महत्व मिलना चाहिए था। ये लोग नहीं चाहते थे कि यह महत्वपूर्ण काम जो बाबा साहब ने किया था, उसे देश की जनता जाने। सीएम ने कहा- इस तारीख को महत्व देने का काम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने साल 2015 से हर साल देश में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की।

जितेंद्र सिंह बोले- कांग्रेस ने बाबा साहब का किया तिरस्कार

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा- कांग्रेस ने पारिवारिक राजनीति के चलते डॉ. भीमराव अंबेडकर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल जैसे अनेकों उस समय के हमारे वरिष्ठ नेताओं का तिरस्कार किया और इतिहास में से उनका नाम सदा के लिए मिट जाए, उसकी लगातार कोशिश की। भगवान को शायद यह मंजूर था कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उनके हाथों इसका प्रायश्चित हो। केंद्रीय मंत्री ने कहा- नेहरू-गांधी परिवार कभी यह नहीं चाहता था कि भारत के इतिहास में कोई और नाम जीवित रहे, जो उनकी आने वाली पीढ़ियों के आगे बढ़ने में बाधा डाले।

ब्रीफ न्यूज

संविधान विशेषज्ञ कनक तिवारी का निधन, विधि-साहित्य जगत में शोक

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व महाधिवक्ता, प्रख्यात गांधीवादी विचारक, संविधान विशेषज्ञ और लेखक कनक तिवारी का निधन हो गया। उन्होंने बीती रात अंतिम सांस ली। उनके निधन से प्रदेश के साहित्यिक, सामाजिक और विधि जगत में शोक की लहर है। लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहे तिवारी पिछले करीब एक महीने से सोशल मीडिया पर भी सक्रिय नहीं थे। उनके स्वास्थ्य को लेकर परिचितों और प्रशंसकों में चिंता बनी हुई थी। उनका पार्थिव शरीर भिलाई के बीएम शाह अस्पताल में रखा गया है। विदेश में रह रही उनकी बेटी के भारत लौटने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। कनक तिवारी गांधीवादी विचारधारा, संविधान, कानून और सामाजिक सरोकारों पर अपनी स्पष्ट लेखनी व वैचारिक अभिव्यक्ति के लिए पहचाने जाते थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।



» अंदर विशेष

▪ बीकानेर में कांग्रेस के मदन चौहान बने उप जिला प्रमुख

...पढ़े पेज 4 पर

संविधान गौरव दिवस समारोह में बोले गृह मंत्री- संविधान का सम्मान हर भारतीय की गौरवपूर्ण जिम्मेदारी, 2015 में मोदी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का लिया था निर्णय

संविधान केवल शासन चलाने की मार्गदर्शिका नहीं, बल्कि देश की आशाओं, मूल्यों का प्रतिबिंब : शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय संविधान केवल शासन चलाने की मार्गदर्शिका या प्रशासनिक व्यवस्था का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह देश की आशाओं, आकांक्षाओं और राष्ट्रीय मूल्यों को प्रतिबिंबित करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है। संविधान का सम्मान करना प्रत्येक भारतीय की अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल भावना और उसमें निहित उच्च आदर्शों को देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना आवश्यक है। गृह मंत्री बुधवार शाम नई दिल्ली में आयोजित 'संविधान गौरव दिवस' समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के बाद संविधान को केवल सरकार चलाने की मार्गदर्शिका के रूप में देखने का प्रयास किया गया। इस दौरान संविधान की भावना को देश के किशोरों, युवाओं और आम नागरिकों के बीच स्थापित करने तथा उसे मजबूत बनाने की प्रक्रिया को अपेक्षित महत्व नहीं दिया गया। अमित शाह ने कहा कि संविधान केवल शासन व्यवस्था संचालित करने के नियमों का संकलन नहीं है।



आदर्शों को आत्मसात करना जरूरी बताया

यह भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता, नागरिक अधिकारों और सामूहिक आकांक्षाओं का आधार है। संविधान में निहित आदर्शों को समझना और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करना प्रत्येक नागरिक के लिए जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि संविधान के प्रति सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी और गौरव का विषय होना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

संविधान दिवस से भावना पहुंचाना है

इसका उद्देश्य संविधान के सर्वोच्च मूल्यों और उसकी मूल भावना को देश के प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय और नागरिक तक पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस मनाने के पीछे केवल एक ऐतिहासिक तारीख को याद करना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को संविधान के निर्माण, उसके उद्देश्यों और उसमें निहित आदर्शों से परिचित कराना है। स्कूलों और कॉलेजों में संविधान से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में संवैधानिक चेतना विकसित करने का प्रयास किया गया है। अमित शाह के अनुसार, देश के युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को यह समझना चाहिए कि संविधान भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है और इसकी गरिमा बनाए रखना सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति जागरूकता और सम्मान को अभियान बनाएं।

लखनऊ में संविधान रक्षा मार्च को संबोधित करते हुए बोले कांग्रेस अध्यक्ष, देश को डर नहीं भरोसा, नफरत नहीं भाईचारा और जुमले नहीं रोजगार चाहिए

संविधान बचाने के लिए कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी, मोदी-योगी सरकार को सत्ता से हटाना लक्ष्य : खरगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश के संविधान, लोकतंत्र और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी।

उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर संविधान को कमजोर करने तथा देश में नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि आगामी चुनाव में संविधान विरोधी ताकतों को इतनी बुरी तरह हराना होगा कि वे दोबारा संविधान से छेड़छाड़ करने की हिम्मत न कर सकें। उन्होंने विपक्षी दलों से आपसी मतभेद और अहंकार छोड़कर एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से हटाने का आह्वान किया। संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित 'संविधान रक्षा मार्च' को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को मंजूरी दी थी। इस संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान के साथ जीने की ताकत दी। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण में उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक भूमिका रही है।



कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका खूब निभाई

अक्टूबर 1937 में उत्तर प्रदेश विधानसभा ने भारत सरकार अधिनियम 1935 को निरस्त करने का प्रस्ताव पारित किया था। खरगे ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस ने उन्हें संविधान सभा में पहुंचाने और प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आंबेडकर के प्रति कांग्रेस नेतृत्व की उदारता और लोकतांत्रिक सोच के कारण ही उन्हें संविधान निर्माण की ऐतिहासिक जिम्मेदारी मिली।

वंचितों के अधिकारों की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी

कांग्रेस ने हमेशा दलितों, महिलाओं, गरीबों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आंबेडकर संबंधी टिप्पणी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सौ बार आंबेडकर का नाम लेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की विचारधारा संविधान की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया और ईवीएम को लेकर भी सवाल उठाए। उनका आरोप था कि मतदाता सूची से नाम हटाकर विपक्ष के मताधिकार को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। आर्थिक मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए खरगे ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है, जबकि आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ रहा है। प्रधानमंत्री स्वयं कंपनियों द्वारा रोजगार और निवेश नहीं बढ़ाने की बात स्वीकार कर रहे हैं।

एनडीआरआरएमए ने अपनी वेबसाइट पर जारी की इस प्राकृतिक आपदा में लापता हुए लोगों की सूची

नेपाल ने शुरू की बाढ़ के बाद लापता हुए 213 भारतीयों को मृत घोषित करने की प्रक्रिया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेपाल ने इस साल अगस्त महीने में तिब्बत सीमा पर त्रिशूली-भोटेकोशी में आई भयावह बाढ़ के बाद लापता हुए विदेशी नागरिकों को आधिकारिक रूप से मृत घोषित करने की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। पड़ोसी देश के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) ने अपनी वेबसाइट में लापता हुए कुल 213 भारतीयों की एक सूची भी प्रकाशित की है। जिसका संबंध वास्तव में मृत्यु की आशंका के मद्देनजर उन्हें मृत घोषित करने की प्रक्रिया का ही हिस्सा है। ज्ञात हो कि बाढ़ में कम से कम 1500 लोगों की मौत हो गई थी। चीन की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आपदा के तुरंत बाद मौतों की पुष्टि की।

लापता लोगों की संख्या 623

एनडीआरआरएमए के मुताबिक, 26 अगस्त को आई बाढ़ में 19 देशों के कुल 623 विदेशी नागरिक लापता हुए थे। विभागीय सूची में 3 हजार 915 लोगों का समावेश किया गया। जिसमें 3 हजार 292 नेपाली और 623 विदेशी नागरिक शामिल हैं। सूची में लोगों के नाम शामिल करने, हटाने तथा विवरण में संशोधन को लेकर एनडीआर आरएमए ने सुझाव मांगे हैं।

2 दिसंबर से पहले करें संपर्क

मामले को लेकर भारतीय दूतावास ने बीते बुधवार को एक बयान जारी किया था। जिसमें मुख्य रूप से लापता लोगों के परिजनों से यह अपील की गई कि अगर वो इस सूची को लेकर अपनी ओर से कोई चिंता, आपत्ति, संशोधन या सुझाव देने के इच्छुक हैं। तो अगले महीने 2 दिसंबर से पहले दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।

महंगाई की मार से ग्रामीण भारत बेहाल

आमदनी चवन्नी और खर्चा पांच रुपैया : जयराम रमेश

कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना, कहा- रोजगार के अवसर घटे, आय ठहरी और रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च लगातार बढ़ा; मनरेगा को कमजोर कर ग्रामीण गरीबों की आजीविका पर किया प्रहार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने महंगाई, बेरोजगारी और ग्रामीण परिवारों की घटती क्रयशक्ति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि महंगाई से पूरा देश परेशान है, लेकिन ग्रामीण भारत पर इसका असर कहीं अधिक गंभीर है। उन्होंने मौजूदा आर्थिक स्थिति पर तंज कसते हुए कहा, 'आमदनी चवन्नी, खर्चा पांच रुपैया!' उनके मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं हैं, लोगों की आमदनी में वृद्धि नहीं हो रही है।

डाक विभाग के राजस्व में 16 प्रतिशत की वृद्धि

2030 तक लागत केंद्र से लाभ केंद्र बनाने का लक्ष्य : सिंधिया

वित्त वर्ष 2025-26 में 15,500 करोड़ रुपये के करीब पहुंचा विभाग का राजस्व, चालू वित्त वर्ष में 19,800 करोड़ रुपये से अधिक का लक्ष्य; डाकघरों से लेकर लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तक होगा व्यापक आधुनिकीकरण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारतीय डाक विभाग तेजी से अपनी कार्यप्रणाली और कारोबारी स्वरूप में बदलाव कर रहा है। विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 16 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान उसका वार्षिक राजस्व करीब 13,200 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 15,500 करोड़ रुपये हो गया है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में डाक विभाग के लिए 19,800 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया है।

संसद का सत्र फिर बुलाएगी सरकार

लोकसभा का सत्र 30 नवंबर व राज्यसभा का 2 दिसंबर से

3 दिसंबर तक चल सकता है कामकाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने संसद के दोनों सदनों की बैठक दोबारा बुलाने की तैयारी कर ली है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से दोनों सदनों की बैठक फिर से शुरू कराने का अनुरोध किया है। इसके तहत लोकसभा की बैठक 30 नवंबर और राज्यसभा की बैठक 2 दिसंबर को बुलाने का प्रस्ताव है। सरकार का कहना है कि जरूरी सरकारी कामकाज निपटाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।



अगले सप्ताह नौसेनादिवस के बाद राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में होगा राजदूतों का गोलमेज सम्मेलन


150 से अधिक देशों के राजनयिक आमंत्रित किए गए

एयरो इंडिया-2027 में भागीदारी के लिए रक्षा मंत्री के हाथों राजदूतों को जाएगा निमंत्रण!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर बनी हुई तमाम चुनौतियों के बीच भारत की मेजबानी में कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किए जाने वाले एशिया के सबसे बड़े वैमानिकी शो 'एयरो इंडिया-2027' की तैयारियों को लेकर रक्षा मंत्रालय ने अपनी कमर कस ली है।

अगले सप्ताह नौसेनादिवस के ठीक बाद राष्ट्रीय राजधानी में आयोजन की तैयारियों के औपचारिक आगाज को प्रदर्शित करने वाला राजदूतों और उच्चायुक्तों का एक गोलमेज सम्मेलन (एंबेसडर्स राउंड टेबल) होगा। जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। सम्मेलन में शामिल होने के लिए दुनिया के कुल करीब 100 से 150 से अधिक देशों के राजनयिक प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं, एयरो इंडिया की बात करें तो उसमें अपनी भागीदारी की पुष्टि के बाद आने वाले देश आयोजन स्थल पर अपनी-अपनी वायुसेनाओं के जंगी बेड़े (लड़ाकू, परिवहन या निगरानी विमानों, हेलीकॉप्टरों) के साथ भाग लेंगे।



कुछ येलहंका स्टेशन पर लगाई जाने वाली रक्षा प्रदर्शनी में पवेलियन के माध्यम से रक्षा उत्पादों, सेवाओं के साथ अपनी सैन्य-सामरिक क्षमताओं का प्रदर्शन भी करेंगे।

सम्मेलन का महत्व

रक्षा सूत्रों ने बताया कि अगले साल फरवरी महीने में होने वाले एयरो इंडिया से करीब ढाई महीना पहले होने वाले राजदूतों के सम्मेलन का वास्तविक उद्देश्य दुनिया के अलग-अलग भागों में मौजूद भारत के मित्र देशों के राजनयिक प्रतिनिधियों जैसे राजदूतों और उच्चायुक्तों को एक मंच पर बुलाकर स्वयं रक्षा मंत्री द्वारा इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर संवाद करना और उसमें अपनी तथा अपने देश के शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी के लिए आमंत्रित करना है।

अमेरिका, रूस, चीन पर रहेगी नजर

गोलमेज सम्मेलन में नई दिल्ली में मौजूद अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली सहित अन्य देशों के राजनयिक प्रतिनिधियों की भागीदारी देखने को मिल सकती है। अमेरिका की तरफ से एक बार फिर से पारस्परिक टैरिफ में की जा रही बढ़ोतरी के बीच मौका होगा।

2027 में एयरो इंडिया का 16 वां संस्करण

एयरो इंडिया एक द्विवार्षिक वैमानिकी शो है। जिसका हर दो साल में आयोजन किया जाता है। इसका पिछला 15वां संस्करण वर्ष 2025 में 10 से 14 फरवरी 2025 तक बेंगलुरु में हुआ था। उस दौरान अमेरिका के एफ-35 और रूस के सु-57 लड़ाकू विमानों की गर्जना हुई।

ज्योति नेत्र चिकित्सालय अनुसंधान केंद्र का छात्राओं ने किया अवलोकन



ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

संत जयाचार्य गर्ल्स कॉलेज के अध्यक्ष एवं शासन सचिव डॉ. नरेश कुमार मेहता जी द्वारा संचालित ज्योति नेत्र चिकित्सालय अनुसंधान केंद्र, पदमपुरा में आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। आज 105 मरीजों के निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन के साथ ही 65 हजार निःशुल्क नेत्र ऑपरेशनों का आंकड़ा पूर्ण हो गया।

श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं संत जयाचार्य गर्ल्स कॉलेज के अध्यक्ष, शासन सचिव डॉ. नरेश कुमार मेहता जी के मार्गदर्शन में गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित इस निःशुल्क आई हॉस्पिटल में अब तक 65 हजार जरूरतमंद मरीजों को नई रोशनी मिल चुकी है। यह सेवा प्रकल्प आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। शिक्षा के साथ-साथ सेवा के क्षेत्र में भी डॉ. मेहता जी का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस ऐतिहासिक अवसर पर संत जयाचार्य गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं ने चिकित्सालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्राओं ने अस्पताल की कार्यप्रणाली, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं मरीजों को दी जा रही निःशुल्क सेवाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा तथा नेत्र ऑपरेशन की प्रक्रिया को समझा।

ब्रीफ न्यूज

जयपुर की 22 पंचायत समितियों में प्रधान के लिए आज होंगे चुनाव

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

पंचायत चुनाव के तहत शुक्रवार को पंचायत समितियों में प्रधान के चुनाव करवाए जाएंगे। जयपुर की 22 पंचायत समितियों में प्रधान पद पर निर्वाचन प्रक्रिया सुबह 10 बजे नामांकन पत्र भरने के साथ शुरू होगी। वहीं जयपुर की 22 से में 5 पंचायत समितियों में चुनाव दिलचस्प होगा। इन पंचायत समितियों में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं है। जबकि कांग्रेस को 14 पंचायत समितियों में, बीजेपी को 2 और आरएलपी को 1 पंचायत समिति में बहुमत है।

इन पंचायत समितियों में इन पार्टियों को बहुमतः कांग्रेस को पंचायत समिति फागी, आमेर, शाहपुरा, चाकसू, जमवारामगढ़, तूंगा, बस्सी, माधोराजपुरा, कोटखावदा, गोविंदगढ़, झोटवाड़ा, जोबनेर, किशनगढ़ रेनवाल, आंधी में बहुमत मिला है। वहीं सांभरलेक, चौमूं पंचायत समितियों में बीजेपी को और सांगानेर में आरएलपी को बहुमत है। इसके अलावा अमरसर, जालसू, मौजमाबाद, रामपुरा डाबरी, दूदू में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है।

श्याम नगर में हैरियर कार चोरी करने का प्रयास, थाने में केस

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

शहर में लग्जरी कारों को निशाना बनाने वाले चोर सक्रिय है। श्याम नगर थाना इलाके में चोरों ने घर के बाहर खड़ी टाटा हैरियर कार चोरी करने का प्रयास किया। बदमाश कार का ड्राइवर साइड का शीशा और हैंडल तोड़कर वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे। सुबह करीब 5:45 बजे कार मालिक चंद्रमोहन शर्मा उठकर बाहर आए तो गाड़ी की हालत देखकर चोरी के प्रयास का पता चला। कार मालिक ने श्याम नगर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी। घटना निर्माण नगर स्थित मकान के बाहर की है। वारदात के तरीके से आशंका है कि बदमाश पहले रेकी कर रहे थे और मौका मिलते ही कार चोरी करने पहुंचे थे।

जयपुर के सुबोध कॉलेज में छात्र से मारपीटः सिर में आई गंभीर चोट

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

गांधीनगर थाना इलाके में सुबोध कॉलेज में छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कॉलेज परिसर में युवराज राजपूत ने छात्र के साथ बिना किसी कारण बहसबाजी और गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद युवराज ने अपने साथी अमन और गोविंद राजपूत के साथ मिलकर छात्र के साथ मारपीट की। परिवादी के अनुसार, 23 नवंबर को कॉलेज के बाहर निकलने के बाद आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। सिर में दो टांके लगाने पड़े। पीड़ित ने गांधीनगर थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने गुरुवार 26 नवंबर को मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

11वीं पास युवक 19.50 लाख में डॉक्टर बना:MBBS की डिग्री खरीदी

बड़े हॉस्पिटलों में काम करता रहा, 4 गिरफ्तार

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) ने फर्जी मेडिकल डिग्रियां तैयार कर मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन करवाने वाली गैंग का खुलासा किया है। फर्जी डॉक्टर समेत तीन आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। 11वीं पास युवक ने करीब 19.50 लाख में डिग्री खरीदकर डॉक्टर बना था। गिरोह के सदस्य लाखों रुपए में MBBS, MD (गायनेकोलॉजी) और DMRD जैसी मेडिकल डिग्रियां उपलब्ध करवाते थे। साथ ही फर्जी डिग्रियों को संबंधित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करवाकर मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन भी कराया जाता था।

एडीजी SOG विशाल बंसल ने बताया- फर्जी डॉक्टर राम किशोर महावर करौली का रहने वाला है, वह सिर्फ 11वीं पास है। फर्जी डिग्री के आधार पर वह दिल्ली के बड़े हॉस्पिटलों में जूनियर रेजिडेंट और डॉक्टर के रूप में काम करता था। अलग-अलग अस्पतालों में ऑन-कॉल सोनोग्राफी भी करता था। एडीजी ने बताया- राजस्थान मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार ने 6 अक्टूबर 2024 को अशोक नगर थाने में 8 लोगों के खिलाफ गलत तरीके से रजिस्ट्रेशन कराने का मामला दर्ज करवाया। इनमें रामकिशोर महावर का नाम भी था। SOG ने रामकिशोर महावर को दिल्ली से गिरफ्तार किया। रामकिशोर से पूछताछ के बाद सत्यजीत पाणिग्रही निवासी दिगदा पश्चिम मेदिनीपुर पश्चिम बंगाल, मनीष मांजी निवासी किला गेट ग्वालियर मध्य प्रदेश और खुर्रम तौफीक निवासी भादो आजमगढ़ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया।



SOG की जांच में सामने आया कि फर्जी डॉक्टर रामकिशोर महावर केवल 11वीं कक्षा तक पढ़ा है। साल 2016 से 2022 तक दौसा के एक निजी नर्सिंग होम में काम करता था। इसके बाद बालोतरा और बयाना के निजी हॉस्पिटलों में डॉक्टर्स के सहायक के रूप में काम करने लगा। यहां वह अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट टाइप करने और सोनोग्राफी से जुड़े काम करता था। इसी दौरान रामकिशोर ने एक व्यक्ति के जरिए मोबाइल पर रामा मेडिकल कॉलेज (उत्तर प्रदेश) की MBBS डिग्री की PDF हासिल की। इसमें बदलाव कर अपनी फर्जी डिग्री तैयार कर ली। इसके आधार पर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन करवा लिया। इस फर्जी रजिस्ट्रेशन के आधार पर दौसा जिले के खेड़ला स्थित एक निजी हॉस्पिटल में करीब 15 दिन तक डॉक्टर के रूप में काम भी किया। अगस्त 2024 से अप्रैल 2025 तक दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में नर्सिंग असिस्टेंट/वार्ड बॉय के रूप में काम किया। इसी दौरान फेसबुक पर बैकडेट में डिग्रियां दिलवाने का विज्ञापन देखकर गिरोह के संपर्क में आया।

रामकिशोर ने उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति से वॉट्सएप के जरिए संपर्क किया। उसे करीब 6.5 लाख रुपए में 12वीं, MBBS और MD गायनेकोलॉजी की डिग्रियां उपलब्ध करवाने का ऑफर दिया। आरोपी ने करीब साढ़े पांच लाख रुपए बताए गए खाते में जमा करवाए। इसके बाद उसे DTDC कोरियर से 12वीं, MBBS और MD गायनेकोलॉजी के प्रमाणपत्र भेज दिए। इन फर्जी दस्तावेज के आधार पर आरोपी ने दिल्ली मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन संख्या 33624 हासिल कर ली। इसके बाद जून 2025 में सफदरजंग अस्पताल (नई दिल्ली) में कॉन्ट्रैक्ट आधार पर जूनियर रेजिडेंट के रूप में काम शुरू कर दिया।

फर्जी DMRD डिग्री से करने लगा सोनोग्राफी

आरोपी ने फेसबुक पर मेडिकल एजुकेशन (नई दिल्ली) के नाम से चल रहे विज्ञापन के जरिए एक अन्य व्यक्ति से संपर्क किया। करीब साढ़े पांच लाख रुपए में महाराष्ट्र की यूनिवर्सिटी से DMRD (डिप्लोमा इन मेडिकल रेडियो डायग्नोसिस) की डिग्री दिलवाने का सौदा हुआ। 15 जुलाई को फर्जी DMRD डिग्री ऑनलाइन उपलब्ध करवा दी गई। दिल्ली मेडिकल काउंसिल के पहले से मौजूद रजिस्ट्रेशन में इसे जुड़वा दिया गया। इसके बाद वह दिल्ली के अलग-अलग हॉस्पिटलों में ऑन-कॉल सोनोग्राफी करने लगा। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने महाराष्ट्र के सरकारी मेडिकल कॉलेज मिरज के नाम से फर्जी DMRD दस्तावेज तैयार करवाए।

हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 से रोक हटाई

कॉलेज शिक्षा विभाग में 992 पदों पर हो सकेगी नियुक्तियां, ढाई महीने से अटकी थी भर्ती

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर



राजस्थान हाई कोर्ट ने कॉलेज शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 पर लगी रोक को हटा लिया है। रोक हटने से अब करीब 992 पदों पर नियुक्तियां हो सकेगी। इस परीक्षा के लिए करीब 92 हजार 600 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने यह निर्देश आरपीएससी की स्टे वैकेशन एप्लीकेशन और संजय आसिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। हाईकोर्ट ने 9 सितंबर को भर्ती में अंतिम परिणाम जारी करने पर रोक लगा दी थी। जिससे सरकार नियुक्तियां नहीं दे पा रही थी।

दरअसल आरपीएससी ने 18 सितंबर 2025 को अंग्रेजी सहित कुल 30 विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ता की ओर से परीक्षा में सामान्य ज्ञान के 15 प्रश्नों और अंग्रेजी विषय के 7 प्रश्नों के उत्तरों पर आपत्तियां जताई गई थी।

याचिकाकर्ता का आरोप था कि आरपीएससी ने आपत्तियों का निस्तारण नहीं किया और फाइनल आंसर-की जारी किए बिना ही इंटरव्यू शुरू कर दिए। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने भर्ती में अंतिम परिणाम जारी करने पर रोक लगाते हुए आरपीएससी और सरकार से जवाब मांगा था।

याचिकाकर्ता को दी राहत

हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के आदेश दिए हैं। हालांकि उसका परिणाम सीलबंद लिफाफे में रखा जाएगा। अदालत ने भर्ती परिणाम से रोक हटाते हुए कहा कि पूरी भर्ती याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी।

रिश्वत प्रकरण में फरार कॉन्स्टेबल गिरफ्तार



ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मुहाना थाना क्षेत्र, जयपुर दक्षिण के कॉन्स्टेबल सुरेश चन्द चौधरी को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के अनुसार मुख्यालय पर दर्ज प्रकरण संख्या 213/2026 में वह वांछित था और ट्रैप कार्रवाई की सूचना के बाद फरार हो गया था। जांच में शिकायत मिली थी कि सुरेश चन्द चौधरी और कॉन्स्टेबल नोरत मीणा ने परिवादी के खिलाफ दर्ज परिवाद में कार्रवाई नहीं करने और राजीनामा कराने के बदले रिश्वत मांगी। सत्यापन में 50 हजार रुपए की मांग की और 20 हजार रुपए लेने पर सहमति बनी। ट्रैप में नोरत मीणा को 20 हजार रुपए लेते पकड़ लिया।

उप जिला प्रमुख चुनाव में 7 जिलों में बड़ा उलटफेर

उदयपुर में पूर्व विधायक, अजमेर में विधायक की भाभी जीतीं; बालोतरा में लॉटरी से फैसला

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

प्रदेश में गुरुवार को 37 जिलों में उपजिला प्रमुख के चुनाव में 7 जिले ऐसे रहे,जहां एक दिन बाद ही उलटफेर हुआ। यहां कांग्रेस, भाजपा और बीएपी ने एक-दूसरे से सीटें छीन ली। कांग्रेस 25, भाजपा 8, बीएपी 3 और आरएलपी 1 सीट पर उप जिला प्रमुख बनाने में सफल रही। 1 दिन पहले हुए जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस 24, भाजपा 10, बीएपी 2 और आरएलपी 1 जगह जीती थी।

चूरू में कांग्रेस, ब्यावर में भाजपा जीती

चूरू में कांग्रेस के छोटूलाल मेघवाल उप जिला प्रमुख बने हैं। 1 दिन पहले जिला प्रमुख के चुनाव में कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग के कारण पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की बहू और भाजपा प्रत्याशी कनिका सिंह चुनाव जीती थीं। ब्यावर में भाजपा के टीकम सिंह उप जिला प्रमुख का चुनाव जीते हैं। यहां पर 1 दिन पहले हुए जिला प्रमुख के चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण कांग्रेस जीत गई थी।

पूर्व विधायक अब बने उप जिला प्रमुख

अजमेर में नसीराबाद से भाजपा विधायक रामस्वरूप लांबा की भाभी सुनीता लांबा को जीत मिली है। उदयपुर में भाजपा के पूर्व विधायक दलीचंद डांगी जीते हैं। बालोतरा में भाजपा के जसाराम लॉटरी से जीतकर उप जिला प्रमुख बने।

चित्तौड़गढ़ में जिला प्रमुख रतनी देवी के पति और पूर्व डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट (जगपुरा) ने कांग्रेस के जिला प्रमुख और उप जिला प्रमुख बनने पर कहा- मैं जिला प्रमुख और उप जिला प्रमुख दोनों को बधाई देता हूं। यह जीत पूरी तरह जिला परिषद के मेंबर, पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की मेहनत का नतीजा है। सीकर में आक्रोश जता रहे वकीलों को समर्थन देने के कांग्रेस की नवनिर्वाचित जिला प्रमुख सुनीता गठाला और उप जिला प्रमुख योगेश भी पहुंचे।

जिला प्रमुख बनाने का संकल्प लेकर त्यागे जूते, अब जीत के बाद पहने

जैसलमेर में जिला परिषद सदस्य मानाराम जानरा ने जूते पहनकर संकल्प तोड़ा है। चुनाव से पहले जिला प्रमुख बनने का संकल्प लेकर जूते त्यागे थे और नंगे पांव प्रचार किया था। संतोष कुमारी के जिला प्रमुख बनने के बाद अब उप जिला प्रमुख बने हरीश धनदेव ने जूते पहनाए।

दौसा जिला निर्वाचन अधिकारी ने शपथ दिलाई

दौसा में उप जिला प्रमुख पद पर कांग्रेस के छोटू राम मीणा निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी सौम्या झा ने एक ही नामांकन होने की स्थिति में उनकी जीत की घोषणा की और निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंप कर शपथ दिलाई।

एक्टर विंदु दारा सिंह बोले-जयपुर में पहले जैसी ठंड नहीं: इस शहर की खूबसूरती को बनाए रखें, कंस्ट्रक्शन पर कंट्रोल करें

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर





बॉलीवुड एक्टर विंदु दारा सिंह गुरुवार (26 नवंबर) देर रात जयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि जयपुर जब भी आता हूं, बहुत अच्छा लगता है। यह शहर अपने आप में अनोखा है और यहां आकर हमेशा मजा आता है। लगातार शूटिंग और इवेंट्स के सिलसिले में जयपुर आना होता रहता है।

जयपुर देश के अनोखे शहरों में से एक है। इसे जिस खूबसूरती और पहचान के लिए जाना जाता है, उसे बरकरार रखने की जरूरत है। शहर में शांति बनाए रखने के साथ-साथ अनियंत्रित निर्माण पर भी नियंत्रण होना चाहिए। विंदु दारा सिंह अपने दोस्त नागर साहब के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए है। एयरपोर्ट पर उन्हें देखते ही फैंन्स ने घेर लिया। गर्मजोशी के साथ उनसे मुलाकात की और तस्वीरें भी खिंचवाईं। शहर में बदलते माहौल और मौसम पर बात करते हुए विंदु ने कहा कि जयपुर का मौसम हमेशा से खास रहा है। हालांकि, पहले इस समय शहर में जितनी ठंड हुआ करती थी, अब वैसी ठंड महसूस नहीं होती। उन्होंने शहर के विकास के साथ उसकी मूल पहचान और खूबसूरती को बचाए रखने की जरूरत बताई। उनका कहना था कि कंस्ट्रक्शन पर कंट्रोल करना चाहिए और बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें कम बनानी चाहिए। शहर की खूबसूरती और उसके पुराने स्वरूप को बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जयपुर यादों का शहर है। जब भी यहां से वापस जाता हूं, अपने साथ बहुत सारी यादें लेकर जाता हूं। विंदु दारा सिंह हिंदी फिल्म और टेलीविजन जगत का जाना-पहचाना नाम हैं। वे दिग्गज पहलवान और अभिनेता दारा सिंह के बेटे हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कॉमेडी, एक्शन और अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर दर्शकों के बीच पहचान बनाई है। फिल्मों के साथ टेलीविजन पर भी वे काफी सक्रिय रहे हैं।

वे सलमान खान के लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस के तीसरे सीजन के विजेता रहे। इसके अलावा उन्होंने कई टीवी धारावाहिकों और रियलिटी शोज में हिस्सा लेकर दर्शकों का मनोरंजन किया है। हाउसफुल और पार्टनर जैसी फिल्मों में भी वे नजर आ चुके हैं। अपने सहज और मजाकिया अंदाज के कारण विंदु दारा सिंह मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान रखते हैं।

विद्याधर नगर में 6100 वर्गमीटर में बन रहा छात्रावास

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर में अब ग्रामीण परिवेश की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए आवास की चिंता नहीं सताएगी। उन्हें पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और प्रशिक्षण की सुविधाएं भी एक ही परिसर में मिल सकेंगी। राजस्थान जाट समाज संस्थान की ओर से विद्याधर नगर सेक्टर-4 में करीब 18 करोड़ रुपए की लागत से शिक्षण, प्रशिक्षण एवं छात्रावास भवन तैयार कराया जा रहा है। 6100 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बन रहे इस भवन में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और चार मंजिलें होंगी। 80 कमरों के छात्रावास में करीब 200 बालिकाओं के रहने की व्यवस्था होगी। खास बात यह है कि यहां केवल जाट समाज ही नहीं, बल्कि सर्वसमाज की बालिकाओं को भी प्रवेश दिया जाएगा।

जयपुर में छिपकर रह रहा एमपी का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर पुलिस की सीएसटी टीम ने मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के हिस्ट्रीशीटर अल्ताफ खान हुसैन (50) को गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या के मामले में सजा होने के बाद पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। इसके बाद वह जयपुर आकर पहचान छिपाकर रहने लगा। पिछले करीब एक साल से नाई की थड़ी, जयसिंहपुरा खोर इलाके में रहकर फरारी काट रहा था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी मूल रूप से मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के श्यामगढ़ का रहने वाला है। उसके खिलाफ श्यामगढ़ थाने में लड़ाई-झगड़े सहित करीब 8 से 10 आपराधिक मामे दर्ज हैं। आरोपी मंदसौर में अलमारी बनाने का काम करता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि धर्मेंद्र नामक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। इस मामले में न्यायालय से उसे सजा हुई थी। जेल ले जाते समय रास्ते में भोजन के दौरान वह पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। इसके बाद जयपुर आकर रहने लगा और अपनी पहचान छिपाकर फरारी काटता रहा। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि सीएसटी टीम पिछले करीब तीन महीने से आरोपी की तलाश कर रही थी। टीम ने उसके संभावित ठिकानों पर निगरानी रखी और गतिविधियों की जानकारी जुटाई। इसके बाद उसे डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब मध्यप्रदेश में आरोपी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों और हत्या के मामले में सजा के बाद फरार होने से जुड़े रिकॉर्ड की जानकारी जुटा रही है।

पाली के बांगड़ स्कूल ग्राउंड पर बम धमाके और आग की मॉकड्रिल





ज़ूम न्यूज ▶▶| पाली

पाली के बांगड़ स्कूल के पीछे के ग्राउंड में 26 नंवबर, गुरुवार शाम को प्रशासन की ओर से आंतरिक सुरक्षा जांचने के लिए मॉकड्रिल की गई। जिसमें बम धमाका होने और आग लगने की सूचना संबंधित दमकल सहित अन्य संबंधित विभागों को दी गई। इस हादसे में आठ घायल बताए गए। मौके पर ही प्राथमिक उपचार करवाया। तीन गंभीर घायलों को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल भी ले जाया गया। SDM पाली विमलेंद्रसिंह राणावत ने बताया- आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिले में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का आंकलन करने के उद्देश्य से मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें बांगड़ स्कूल खेल मैदान में आगजनी एवं बम ब्लास्ट का मॉक अभ्यास किया गया। मॉक अभ्यास में 8 व्यक्ति घायल बताए एवं 3 को बांगड़ अस्पताल इलाज के लिए ले गए। 5 को मामूली चोटे आई। अभ्यास में हवाई हमले की स्थिति में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं, ब्लेक आउट व्यवस्था तथा आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तत्परता एवं कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया।

ब्रीफ न्यूज

जोधपुर हाईकोर्ट में गोचर भूमि अधिग्रहण को चुनौती

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

पाली जिले की रोहट तहसील के नौ गांवों की सरकारी और गोचर भूमि जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया के लिए लेने की प्रक्रिया को राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। कोर्ट ने राजस्थान स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट, 2016 की धारा 27 की संवैधानिक वैधता पर दायर जनहित याचिका को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू की डिवीजन बेंच गन्नू सिंह बनाम राजस्थान राज्य मामले की सुनवाई करेगी। याचिका में धारा 27 को चुनौती दी गई है। विवाद की शुरुआत 16 अक्टूबर 2020 की राज्य सरकार की अधिसूचना से हुई। इसके तहत रोहट तहसील के डूंगरपुर, सिंगारी, धुंधली, दूदली, नींबली पटेलान, नींबली ब्राह्मणान, दानासनी, रोहट और दलपतगढ़ की सरकारी और गोचर भूमि जेपीएमआईए विकास प्राधिकरण के नाम दर्ज की गई। इसके बाद रीको के जरिए जमीन विकसित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ी। इससे पहले पावापुरी और अन्य की याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि धारा 27 के तहत सरकार गोचर समेत किसी भी जमीन का अधिग्रहण कर सकती है। इसके बदले वैकल्पिक जमीन आरक्षित करना जरूरी नहीं है। अब गन्नू सिंह और अन्य याचिकाकर्ताओं ने सीधे धारा 27 की वैधता को चुनौती दी है। उनका कहना है कि धारा रद्द होने पर 16 अक्टूबर 2020 की अधिसूचना के तहत शुरू हुई अधिग्रहण प्रक्रिया भी खत्म हो जाएगी।

कहा- घास के मैदान नष्ट हो जाएंगे

याचिकाकर्ताओं के वकील अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि मारवाड़ के शुष्क और अर्ध-शुष्क इलाके में गोचर भूमि पारिस्थितिक संतुलन के लिए जरूरी है। उनके मुताबिक, जमीन खत्म होने से स्थानीय पेड़-पौधे, औषधीय वनस्पति और घास के मैदान नष्ट होंगे। उन्होंने कहा कि हिरण, चिंकारा, नीलगाय और मोर जैसे वन्यजीवों के रहने की जगह और पानी के स्रोतों पर असर पड़ेगा। तालाबों और नाडियों के आगोर के साथ भूजल रिचार्ज पर भी असर होगा। वकील ने तर्क दिया कि धारा 27 में वैकल्पिक गोचर भूमि देने का साफ प्रावधान नहीं है। सरकार ने जिस वैकल्पिक जमीन की बात कही है, वह गांवों से काफी दूर है और उसका आवंटन पत्र भी रिकॉर्ड पर नहीं है।

23.5 ग्राम स्मैक बरामदगी के 12 साल पुराने केस में आरोपी को 4 साल की सजा

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

स्पेशल जज (एनडीपीएस कोर्ट नं. 2) मुजफ्फर चौधरी ने स्मैक रखने और परिवहन करने के 12 साल पुराने मामले में अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 4 साल के कठोर कारावास और 20 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। 4 मार्च 2014 को हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा था। तलाशी में 23.5 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की। सुनवाई के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक मनोहरलाल पालीवाल ने 9 गवाह व 28 दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए। बचाव पक्ष ने अभियुक्त का पहला अपराध होने का हवाला देते हुए कम सजा देने की दलील दी। कोर्ट ने धवा गांव निवासी सुखाराम को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

शादी के 4-दिन बाद भागी दुल्हन, 60KM-दूर टैक्सी में मिली: बोली- मुझे साथ में नहीं रहना

दूल्हा बोला-3 लाख रुपए देकर छतीसगढ़ से लाया

ज़ूम न्यूज ▶▶| बाड़मेर

शहर में शादी के महज चार दिन बाद ही एक नवविवाहिता के बीच रास्ते से भागने का मामला सामने आया है। पति-पत्नी चौहटन स्थित विरात्रा माता मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे, तभी दुल्हन बाथरूम जाने का बहाना बनाकर फरार हो गई। हालांकि, परिजनों की तलाश के बाद करीब 60 किलोमीटर दूर वह बाड़मेर शहर के चौहटन सर्किल पर एक टैक्सी में बैठी मिल गई। इसके बाद मामला एसपी ऑफिस पहुंचा, जहां दोनों पक्षों के बीच जमकर बहसबाजी और हंगामा हुआ। दरअसल, बाड़मेर निवासी युवक की पहचान शादी करवाने वाली छत्तीसगढ़ निवासी एक महिला से हुई थी। महिला ने 20 नवंबर को युवक की शादी छत्तीसगढ़ की रहने वाली 30 साल की एक युवती के साथ करवाई थी।

दूल्हे का आरोप है कि उसने इस शादी के बदले दुल्हन की चाची को 3 लाख रुपए दिए थे। युवक ने बताया कि मंगलवार दोपहर वे दोनों विरात्रा माता मंदिर दर्शन करने गए थे। वापसी के दौरान चौहटन में उसकी पत्नी बाथरूम का बहाना बनाकर गई और वहां से बस में बैठकर भाग निकली।

चौहटन सर्किल पर टैक्सी में बैठी मिली दुल्हन

चौहटन में काफी तलाश करने के बाद भी जब उसकी पत्नी नहीं मिली, तो शाम को परिजन ढूंढते हुए बाड़मेर शहर के चौहटन सर्किल पहुंचे। वहां उसकी पत्नी एक टैक्सी में बैठी हुई नजर आई। जब दूल्हे ने उससे साथ चलने को कहा, तो उसने साफ इनकार कर दिया। इसके बाद दूल्हा-दुल्हन और परिजन एसपी ऑफिस पहुंचे, जहां दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई और दूल्हे के परिजनों ने हंगामा कर दिया।

दुल्हन बोली- मुझे यह पसंद नहीं, टॉर्चर करता है

दूसरी ओर, दुल्हन ने पैसों के लेन-देन की बात से इनकार किया और पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उसने कहा- मुझे यह पसंद नहीं है और यह मुझे टॉर्चर करता है। मैं इसके साथ नहीं रहना चाहती, इसलिए मौके की तलाश में थी और मौका मिलते ही भाग गई। पैसों के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है और न ही मैंने अपनी चाची को पैसे लेते देखा है।

SHO बोले- अभी तक दोनों ने रिपोर्ट नहीं दी है

एसपी ऑफिस के बाहर हंगामे की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पति-पत्नी दोनों को थाने लेकर गई। कोतवाली थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने लाकर बात की गई है। महिला ने साथ रहने से साफ इनकार कर दिया है। फिलहाल पैसों के लेन-देन की कोई पुष्टि नहीं हुई है और न ही किसी पक्ष की ओर से कोई लिखित रिपोर्ट दी गई है।

जालोर में अवैध मादक पदार्थ तस्करी में 2 आरोपियों को पकड़ा: बाइक और 17 ग्राम स्मैक जब्त

ज़ूम न्यूज ▶▶| जालोर

जालोर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बागरा थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने 17 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर दो आरोपियों को पकड़ा है। इसी के साछ स्मैक परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल भी जब्त की है।

सारणेश्वर मंदिर के पास दी दबिश

जालोर एसपी शैलेन्द्रसिंह इन्दोलिया के निर्देश पर बागरा थानाधिकारी मोहनलाल गर्ग के नेतृत्व में गठित टीम ने 25 नवंबर को सरहद सरत में सारणेश्वर मंदिर के पास दबिश दी। इस दौरान सुरेश कुमार (32) पुत्र दिनेश कुमार सरगरा और चम्पालाल (46) पुत्र हंजारीमल छीपा, निवासी सरत को पकड़ कर उनके कब्जे से 17 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों से स्मैक की खरीद-फरोख्त और तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में बागरा थाना पुलिस की टीम शामिल रही।

बाड़मेर: कांग्रेस की प्रेम कंवर बनीं उप जिला प्रमुख: 6 वोट से जीतीं



ज़ूम न्यूज ▶▶| बाड़मेर

बाड़मेर जिला परिषद के उप जिला प्रमुख पद पर कांग्रेस की प्रेम कंवर निर्वाचित हुई हैं। उन्हें 21 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी बाली देवी को 15 वोट मिले। भाजपा के 15 वोटों में आरएलपी के 4 वोट शामिल हैं। एक वोट नोटा को मिला। प्रेम कंवर ने 6 वोटों से जीत दर्ज की। पिछली बार भी जिला परिषद में कांग्रेस का बोर्ड था। भाजपा और कांग्रेस के बराबर सदस्य होने के बावजूद क्रॉस वोटिंग के कारण उप जिला प्रमुख पद भाजपा ने जीता था। नामांकन के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गोदारा ने कहा था कि पार्टी ने उप जिला प्रमुख पद के लिए एक ही नामांकन दाखिल किया है। पिछली बार पार्टी के पास बहुमत कम था, लेकिन इस बार पूरा बहुमत है। उन्होंने दावा किया था कि उप जिला प्रमुख कांग्रेस का ही बनेगा। उप जिला प्रमुख पद के लिए गुरुवार को कांग्रेस की प्रेम कंवर और भाजपा की बाली देवी ने नामांकन दाखिल किया था। बाली देवी वार्ड नंबर 30 से जिला परिषद सदस्य चुनी गई थीं। नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोपहर 3 बजे से मतदान हुआ।

गुजरात ले जाई जा रही 67 हजार रु. की शराब लूनी में पकड़ी

ज़ूम न्यूज ▶▶| जालोर

जालोर के रास्ते गुजरात पहुंचने वाली अवैध शराब की खेप को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने लूनी रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया। ऑपरेशन सतर्क के तहत 25 नवंबर की रात जैसलमेर-साबरमती एक्सप्रेस के ए-1 कोच में सीट के नीचे छिपाकर रखे गए तीन बैगों से 67 हजार रुपए कीमत की शराब बरामद हुई। मामले में पाली जिले के गुढ़ा कलां निवासी कमल किशोर सोनी (36) को पकड़ा है, जो शराब को साबरमती ले जा रहा था।

तलाशी के दौरान बैगों से 750 एमएल की 71 बोतलें और 180 एमएल के 40 क्वार्टर बरामद हुए। आरोपी के पास न तो शराब परिवहन का परमिट मिला और न ही यात्रा का रेल टिकट। आरपीएफ ने जब्त शराब और आरोपी को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सुपुर्द कर दिया, जहां आरोपी के खिलाफ राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

स्कूल बस से उतरते ही 2 बहनों को ट्रेलर ने कुचला: छोटी बहन की मौत

जोधपुर में घर से 200 मीटर दूर हुआ हादसा

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर



जोधपुर में स्कूल बस से उतरते ही ट्रेलर ने दो बहनों को कुचल दिया। छोटी (9) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बहन गंभीर रूप से घायल है। दोनों बहनें केंद्रीय विद्यालय से स्कूल बस से घर लौट रही थीं। ड्राइवर ने कॉलोनी के गेट पर दोनों को उतारा। बस से उतरते ही ट्रेलर ने कुचल दिया।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो छोटी बहन का शव सड़क पर चिपक गया था। बड़ी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी और घायल बच्ची को हॉस्पिटल पहुंचाया। हादसा गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे विवेक विहार थाना क्षेत्र के विनायक विहार सांगरिया का है। बच्ची के पिता शैतानाराम विश्नोई RAC में कॉस्टेबल हैं। बच्ची केवी 1 की स्टूडेंट थी और तीसरी क्लास में पढ़ती थी।

SI विश्राम मीणा ने बताया- शैतानाराम विश्नोई की तीन बेटियां हैं। बड़ी बहन खुशी और उससे छोटी अनन्या स्कूल गई थीं। स्कूल से लौटते समय बस ने बच्चियों को कॉलोनी के गेट पर उतारा। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेलर ने दोनों बच्चियों को कुचल दिया। अनन्या विश्नोई (9) की मौके पर ही मौत हो गई। खुशी गंभीर रूप से घायल हो गई। अनन्या के शव को MDM हॉस्पिटल में रखवाया गया है। वहीं दूसरी बच्ची का इलाज चल रहा है। उसकी हालत ठीक है। ट्रेलर और बस को पुलिस ने जब्त कर लिया है है। ड्राइवरों की तलाश की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी मंगलाराम चौधरी ने बताया- स्कूल बस का ड्राइवर हमेशा बच्चियों को घर तक ड्रॉप करता था, लेकिन आज उसने दोनों बहनों को कॉलोनी के गेट के बाहर ही उतार दिया। दोनों बहन जैसे ही उतरकर बस के पीछे की तरफ गई। ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया।

विंटेज कार में राजमंदिर सिनेमा पहुंचे श्रद्धा कपूर-रणदीप हुड्डा

श्रद्धा बोलीं-4 किलो की साड़ी और 4 किलो की पायजेब पहनकर करती थीं लावणी की प्रैक्टिस

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर में गुरुवार को बॉलीवुड सितारों का अलग ही अंदाज देखने को मिला। जयपुर के मशहूर राजमंदिर सिनेमा में अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और अभिनेता रणदीप हुड्डा विंटेज कार में सवार होकर पहुंचे। इस दौरान श्रद्धा ने लावणी की प्रैक्टिस से जुड़ा दिलचस्प किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि वे 4 किलो की साड़ी और 4 किलो की पायजेब पहनकर लावणी का अभ्यास करती थीं।

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और अभिनेता रणदीप हुड्डा अपनी आगामी फिल्म 'ईठा' के प्रमोशन के लिए जयपुर पहुंचे तो शहर में उनके प्रशंसकों का उत्साह देखते ही बना। एमआई रोड से दोनों कलाकार विंटेज कार में सवार होकर निकले। करीब 40 बाउंसर्स की टीम के बीच ओपन कार में खड़े होकर उन्होंने सड़क किनारे मौजूद लोगों का अभिवादन किया।

श्रद्धा और रणदीप की एक झलक पाने के लिए लोग सड़क पर रुक गए। इस दौरान कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ और जाम जैसी स्थिति बन गई। इसके बाद दोनों कलाकार जयपुर के प्रतिष्ठित राजमंदिर सिनेमा पहुंचे, जहां उन्होंने दर्शकों से बातचीत की और फिल्म से जुड़े कई

'जयपुर में श्रद्धा कपूर के साथ रोमांस करने का मौका कैसे छोड़ सकता हूं'

राजमंदिर में दर्शकों के बीच रणदीप हुड्डा अपने खास मजाकिया अंदाज में नजर आए। उन्होंने कहा कि जयपुर में श्रद्धा कपूर के साथ



रोमांस करने का मौका मिल रहा है, इसे कोई कैसे छोड़ सकता है। आज जयपुर आने का मौका मिला है और देश की सबसे खूबसूरत अभिनेत्री के साथ काम करने का अवसर कौन छोड़ना चाहेगा। रणदीप की इस बात पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं और माहौल उत्साह से भर गया।

उन्होंने दर्शकों की ओर इशारा करते हुए कहा कि उत्तर भारत और महाराष्ट्र के लोगों को बताइए कि हममें कितना जोश है। उनके इस अंदाज ने फिल्म के प्रमोशन को एक मनोरंजक बातचीत में बदल दिया।

बालकनी से श्रद्धा ने दिया सरप्राइज का इशारा

राजमंदिर की बालकनी में खड़ी श्रद्धा कपूर ने जयपुर के लोगों से खास अंदाज में संवाद किया। उन्होंने कहा कि वे जयपुर वालों के लिए कुछ लेकर आई हैं। उनकी फिल्म का एक खास गाना यहां के लोगों को सुनाना चाहती हैं। इस पर रणदीप हुड्डा ने मजाकिया अंदाज में कहा कि गाना सुनने के लिए सभी को भीतर ऑडिटोरियम में चलना होगा। वहां डांस भी होगा। खुले में नहीं करेंगे, भीतर करेंगे। दोनों कलाकारों की इस बातचीत ने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी। इसके बाद राजमंदिर के भीतर फिल्म के गाने 'सिंदूरी' को लॉन्च किया गया। श्रद्धा कपूर ने रणदीप हुड्डा के साथ काम करने के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि रणदीप बेहतरीन अभिनेता हैं और कमाल के निर्देशक भी हैं। उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया। श्रद्धा ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि रणदीप के साथ काम करने का मौका मिलेगा, तो उन्होंने सोचा था कि इस अनुभव से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। वास्तव में उन्हें इसका फायदा भी मिला। श्रद्धा ने कहा कि फिल्म के प्रमोशन के लिए यह उनका पहला सफर है और जयपुर में बिताया गया समय उनके लिए बेहद यादगार रहा। फिल्म 'ईठा' में अपने किरदार और लावणी नृत्य की तैयारी को लेकर श्रद्धा ने बताया कि इसके लिए उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ी। लावणी की बारीकियां सीखने के लिए उन्होंने कई महीनों तक तैयारी की और रोजाना अभ्यास किया।

सलमान खान और पान मसाला कंपनी को नोटिस

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की मुश्किलें राजश्री पान मसाला के विज्ञापन को लेकर एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। जोधपुर में दायर रिवीजन पिटीशन (पुनरीक्षण याचिका) पर सुनवाई करते हुए राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बेंच ने सलमान खान और राजश्री पान मसाला को नोटिस जारी किए हैं।

इस मामले में अब दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखना होगा। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी। याचिकाकर्ता ने सलमान खान के हस्ताक्षरों की फॉरेंसिक साइंस लैब (FSL) से जांच कराने की मांग भी की है। जोधपुर निवासी गजेन्द्र कुमार की ओर से यह पुनरीक्षण याचिका पेश की गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता रामनिवास चौधरी ने बताया कि इस याचिका में राजश्री पान मसाला के विज्ञापन को भ्रामक बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके अलावा सलमान खान की ओर से उपभोक्ता आयोग में पेश किए गए दस्तावेजों पर मौजूद हस्ताक्षरों की प्रामाणिकता को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। चौधरी ने बताया याचिकाकर्ता का आरोप है कि इस पान मसाले का एक पाउच 5 से 10 रुपए में उपलब्ध है, तो उसमें करीब 4 लाख रुपए प्रति किलो कीमत वाला केसर किस तरह शामिल किया जा सकता है। इसके साथ ही सलमान खान राजश्री पान मसाला के ब्रांड एंबेसडर के रूप में विज्ञापनों में नजर आते हैं। विज्ञापनों में इसको केसर और इलायची जैसे तत्वों से युक्त और जश्न का टशन बताकर आकर्षक अंदाज में पेश किया जाता है।

सीकर में पुलिस से भिड़े वकील: सीआई पर अभद्रता करने का आरोप; एसपी ऑफिस के बाहर 4 घंटे तक दिया धरना



ज़ूम न्यूज ▶▶| सीकर

सीकर में उप जिला प्रमुख चुनाव के दौरान गुरुवार को पुलिस और वकीलों में विवाद हो गया। उप जिला प्रमुख चुनाव के दौरान वकील जिला परिषद में मौजूद थे। इस दौरान दोपहर करीब 3:40 बजे CI सुनील जांगिड़ ने वकील महेंद्र को गेट से साइड में होने के लिए कहा। इस पर विवाद हो गया।

वकील ने आरोप लगाया कि सीआई सुनील ने उनके साथ अभद्रता की। इसके बाद 100 से ज्यादा वकीलों ने जिला परिषद के गेट पर हंगामा कर दिया। इस दौरान गेट भी टूट गया। बाद में वकीलों ने एसपी ऑफिस के बाहर 4 घंटे धरना दिया। शाम करीब 7.30 बजे ASP के आश्वासन पर वकीलों ने धरना खत्म कर दिया और घर चले गए।

एडिशनल एसपी डॉक्टर तेजपाल सिंह ने कहा- आज जो घटनाक्रम हुआ, उसे पूरे मामले की जांच होगी। जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक इंस्पेक्टर सुनील जांगिड़ कोतवाली थाने में नहीं रहेंगे।



जानकारी के अनुसार- उप जिला प्रमुख की वोटिंग के दौरान बीजेपी-कांग्रेस के जिला परिषद सदस्य आ रहे थे। वकील भी मतदान स्थल के बाहर जुटे थे। वकीलों का आरोप है कि इस दौरान CI सुनील जांगिड़ ने साइड होने को लेकर वकील महेंद्र से अभद्रता की।

इसके बाद बड़ी संख्या में वकील जिला परिषद के गेट के सामने जुटे और हंगामा कर दिया। पुलिस ने वकीलों को पीछे धकेलकर आगे बढ़ने से रोका। इसके बाद वकील जिला परिषद के बाईं तरफ के गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। इसके बाद एसपी ऑफिस के गेट पर जाकर धरने पर बैठ गए। वकीलों ने कहा- CI सुनील जांगिड़ माफी मांगें और उनको सस्पेंड किया जाए। जब तक मांग नहीं मानी जाती, तब तक यहीं बैठे रहेंगे। कोर्ट में भी नहीं जाएंगे।

जिला प्रमुख भी धरनास्थल पहुंचीं

वकीलों के कलेक्ट्रेट परिसर से बाहर जा रही ADM सिटी की गाड़ी को रोक दिया। ऐसे में ADM सिटी भावना शर्मा गाड़ी से उतरकर एसपी ऑफिस में गईं। उप जिला प्रमुख के नतीजे घोषित होने के बाद जिला प्रमुख सुनीता गठाला और उप जिला प्रमुख रमेश भी वकीलों को समर्थन देने के लिए पहुंचे।

ASP ने प्रतिनिधिमंडल को मिलने बुलाया

विवाद के बाद सीकर सीओ सिटी नवनीत कौर धरने पर बैठे वकीलों से बात करने के लिए गईं। उन्होंने लिखित में शिकायत देने की बात कही, लेकिन वकील नहीं माने। एडिशनल एसपी डॉ. तेजपाल सिंह ने भी प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की। उनके आश्वासन देने के बाद वकील माने।

ब्रीफ न्यूज

राज्य स्तरीय अर्द्धवार्षिक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया



ज़ूम न्यूज ▶▶| नागौर

नागौर में राज्य स्तरीय समान अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2026 के तहत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सहायक निदेशक नीरज कांडपाल ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बख्तसागर स्थित केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा संचालन, बैठने की व्यवस्था और विभागीय दिशा-निर्देशों की पालना का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र प्रभारी और स्टाफ को निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी, सुव्यवस्थित और निष्पक्ष रहे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सारस्वत भी मौजूद रहे। इसके बाद कांडपाल ने सेठ किशनलाल कांकरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का भी दौरा किया और शैक्षणिक तथा विभागीय व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुसार सतत निगरानी रखी जाएगी।

बीकानेर की 15 पंचायत समितियों में आज चुने जाएंगे प्रधान

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर की 15 पंचायत समितियों में प्रधान चुने जाएंगे। कांग्रेस ने नोखा और बीठनोक को छोड़कर सभी पंचायत समितियों में बढ़त बनाई हुई है। इन दो पंचायतों में भी मामूली बढ़त होने के कारण कांग्रेस उलटफेर कर सकती है। हालांकि, भाजपा सभी पंचायतों में अपने उम्मीदवार उतारने की कोशिश में हैं।

डोडा-पोस्त, अफीम तस्करी के दोषी को 5 साल कैद

ज़ूम न्यूज ▶▶| चूरू

एडीजे कोर्ट ने डोडा-पोस्त व अफीम तस्करी के पांच वर्ष पुराने मामले में दोषी को पांच वर्ष के कठोर कारावास व 75 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। एपीपी राजेश कुमार माटोलिया ने बताया कि 14 जनवरी 2021 को रतननगर पुलिस ने एनएच-52 पर ट्रक से दो कट्टों से 46 किलो डोडा पोस्त व एक प्लास्टिक की थैली से 250 ग्राम तरल अफीम बरामद की। आरोपी सज्जन सिंह निवासी हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया। एडीजे राजेंद्र चौधरी ने पत्रावलियों का अवलोकन कर आरोपी को सजा सुनाई।



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल डेका ने सालासर बालाजी के दर्शन किए



ज़ूम न्यूज ▶▶| सालासर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका गुरुवार को परिवार सहित सालासर पहुंचे। सालासर पहुंचने पर बालाजी मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर पुजारी परिवार ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा देश-प्रदेश मे खुशहाली की कामना की। हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी, धर्मवीर पुजारी, जीतमल शर्मा, अजय पुजारी, नागरमल पुजारी सहित पुजारी परिवार ने राज्यपाल को बालाजी महाराज का दुपट्टा ओढ़ाकर व बालाजी महाराज की तस्वीर प्रदान कर स्वागत किया।

पत्नी के जिला प्रमुख का चुनाव हारने पर माफी मांगी: सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन ने लिखा-मुझे माफ करना

अलवर: लेक्चरर की नौकरी छुड़वाकर लड़ाया था चुनाव

ज़ूम न्यूज ▶▶| अलवर

अलवर में जिला प्रमुख का चुनाव हारने पर पति ने पत्नी से माफी मांगी। अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीणा ने सोशल मीडिया पर लिखा- संजू मेरी प्रिय धर्म पत्नी, मैं तुम्हे अभी जिला प्रमुख नहीं बनवा पाया, इसके लिए मुझे माफ कर देना।

बन्नाराम मीणा की पत्नी संतोष मीणा स्कूल लेक्चरर थीं। अभी करीब 13 साल की नौकरी बची थी। चुनाव से करीब 1 महीने पहले ही संतोष मीणा ने स्वैच्छिक सेवानिवृति ली थी। बन्नाराम मीणा का मूल गांव रैणी में है, इसलिए रैणी से पत्नी संतोष मीणा को जिला



परिषद सदस्य का चुनाव लड़ाया था और अच्छे वोट से जीत भी दर्ज की थीं, लेकिन संतोष जिला प्रमुख का चुनाव हार गईं। अलवर में इस बार जिला प्रमुख के लिए एसटी महिला की सीट आरक्षित थी। पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीणा को लगा कि उनकी पत्नी जिला प्रमुख बन सकती हैं। वे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के नजदीकी हैं। इसलिए उनका टिकट पक्का माना गया, वैसा ही हुआ।

बीजेपी ने संतोष मीणा को ही जिला प्रमुख का प्रत्याशी बनाया। लेकिन बीजेपी के लिए 4 ही जिला परिषद सदस्य जीते थे। पूर्व चेयरमैन बन्नाराम ने खूब प्रयास कर चार से वोटों की संख्या 8 तक लेकर गए। लेकिन 23 वोट से उनकी पत्नी चुनाव हार गईं। पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीणा ने गुरुवार सुबह 9:30 बजे सोशल मीडिया पर लिखा- पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीणा ने 1 घंटे बाद इस पोस्ट को डिलीट कर दिया। बाद में कहा- पत्नी की नौकरी छुड़वाकर उनको चुनाव लड़ाया था। वो चुनाव लड़ने के लिए मना भी कर रही थीं। लेकिन मैंने समझाया तो मान गईं। अब चुनाव हारने के बाद निराश थीं। इसलिए मुझे लगा कि उनसे माफी मांगनी चाहिए। इसलिए पोस्ट कर दी।

नशे के लिए रुपए नहीं देने पर युवक का मर्डर, सिर पर डंडे से किया वार

ज़ूम न्यूज ▶▶| सूरतगढ़

सूरतगढ़ के वार्ड नंबर 3 में रुपए देने से इनकार करने पर एक युवक की उसके ही पड़ोसी ने डंडे से सिर पर वार कर हत्या कर दी। आरोपी ने नशे के लिए रुपए मांगे थे। मना करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी ने युवक के सिर पर लकड़ी के मोटे डंडे से जोरदार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से युवक नीचे गिर पड़ा। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सिटी पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए और फरार आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने रात में ही आरोपी को डिटेन कर लिया। मृतक की पत्नी की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को



सौंप दिया गया।

तीन दिन पहले ही पड़ोस में रहने आया था आरोपी

पुलिस के अनुसार मृतक की पत्नी रजनदीप कौर ने रिपोर्ट दी कि उसका पति जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू (30) वार्ड नंबर 3 में डिग्री कॉलेज के पीछे रहता था। प्रवीण बिश्नोई निवासी माणकसर उनका परिचित था और अक्सर घर आता-जाता था। करीब तीन दिन पहले ही प्रवीण उनके पड़ोस में रहने आया था।

बीकानेर में कांग्रेस के मदन चौहान बने उप जिला प्रमुख



जिला प्रमुख से 7 वोट ज्यादा मिले, दो मेंबर मत डालने नहीं आए

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर जिला परिषद के उप जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मदन चौहान ने 31 वोट लेकर जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी मांगीलाल को 8 वोट मिले। मदन चौहान ने 23 वोटों से जीत हासिल की। कांग्रेस के लिए लगातार दूसरा दिन जश्न से भरा रहा। उप जिला प्रमुख चुनाव में कुल 41 सदस्यों में से 39 ने मतदान किया, जबकि दो सदस्य वोट डालने नहीं पहुंचे। मतदान नहीं करने वालों में कांग्रेस की बागी सरिता चौहान और जिला परिषद सदस्य सलामती शामिल रहीं।

पूर्व जिला प्रमुख के बेटे हैं मदन चौहान

कांग्रेस ने मदन चौहान को प्रत्याशी बनाया था। वे पूर्व जिला प्रमुख पूर्णाराम चौहान के बेटे हैं। वहीं, भाजपा ने नोखा के रासीसर निवासी मांगीलाल को उम्मीदवार बनाया था। भाजपा ने पहले धापू कंवर को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन बाद में उनका नाम वापस लेकर मांगीलाल को उम्मीदवार बनाया।

चूरू: कांग्रेस के छोटूलाल मेघवाल उप जिला प्रमुख

ज़ूम न्यूज ▶▶| चूरू

चूरू जिला परिषद में कांग्रेस के छोटूलाल मेघवाल उप जिला प्रमुख बन गए हैं। उनको 21 वोट मिले। जबकि भाजपा के नरेश कुमार सहारण को 18 वोट मिले। सहारण 3 वोटों से हार गये। उप जिला प्रमुख के चुनाव में कुल 39 वोट पड़े। निर्वाचन पर्यवेक्षक डॉ. महेन्द्र खड़गावत ने निर्वाचन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण किया। रिटर्निंग अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई।

इससे पहले गुरुवार सुबह भाजपा से नरेश कुमार सहारण और कांग्रेस से छोटूलाल मेघवाल ने उप जिला प्रमुख पद के लिए नामांकन करवाया था। जिला परिषद की 39 सीट में कांग्रेस ने 21 सीट जीती, भाजपा ने 17 सीट जीती और 1 सीट पर सीपीआईएम ने जीत दर्ज की थी। इससे पहले बुधवार को जिला प्रमुख के चुनाव हुए थे। जिसमें भाजपा की कनिका सिंह जिला प्रमुख बनी थी। इसमें भाजपा की कनिका सिंह को 22 वोट मिले। जबकि कांग्रेस की प्रकाश बुडानिया को 17 वोट मिले।

गैंगस्टर गोदारा का साथी लिस्ट-A अपराधी गिरफ्तार: नरेश बिश्नोई को दबिश देकर दबोचा

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर की कोटगेट थाना पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के सहयोगी और लिस्ट-A अपराधी नरेश बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। संगठित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। नरेश बिश्नोई लंबे समय से गैंग बनाकर संगठित अपराध को अंजाम देने में एक्टिव था। पुलिस ने तकनीकी सबूत जुटकार, सूचना के आधार पर दबिश देकर उसे दबोचा। बीकानेर सहित राजस्थान के अन्य जिलों में नरेश के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक- नरेश बिश्नोई (27) पुत्र ओमप्रकाश बीकानेर में वार्ड नंबर 43, रानीसर बास, विनोबा बस्ती का निवासी है। उसके खिलाफ गैंग बनाकर मर्डर की कोशिश, रंगदारी, फिरौती वसूली, फायरिंग कर डराने-धमकाने जैसे संगीन अपराधों के कई मामले दर्ज हैं।



पुलिस ने उसे भारतीय न्याय संहिता 2023 की कई धाराओं में वॉन्टेड बताया है।

रोहित गोदारा गैंग का सक्रिय अपराधी

पुलिस के अनुसार- नरेश बिश्नोई गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग का मुख्य सक्रिय और प्रथम श्रेणी का अपराधी है। वह गैंग बनाकर लगातार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी से विस्तार से पूछताछ कर रही है और मामलों की जांच कर रही है। उसके नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर रेंज ओमप्रकाश के निर्देश और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के नेतृत्व में संगठित अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व और वृत्ताधिकारी वृत्त नगर अनुज डाल आरपीएस के सुपरविजन में कोटगेट थाना प्रभारी विक्रम तिवाड़ी ने टीम गठित की। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और आसूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

इन पुलिसकर्मियों की रही भूमिका

कार्रवाई करने वाली टीम में कोटगेट थाना प्रभारी विक्रम तिवाड़ी, हेड कांस्टेबल हेतराम, अमृतलाल और सहीराम, डीएसटी के देवेंद्र कानि तथा कोटगेट थाने के संजय कुमार और नरेश कुमार शामिल रहे।

युवक को किडनैप कर अश्लील वीडियो बनवाए: 21 साल की युवती के साथ रेप

युवती के विरोध करने पर जान से मारने की घमकी दी

ज़ूम न्यूज ▶▶| सीकर

सीकर जिले में महिलाओं और युवकों के खिलाफ अपराध के दो गंभीर मामले सामने आए हैं। पहले मामले में 21 साल की युवती ने एक युवक पर घर में घुसकर रेप करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे मामले में 41 वर्षीय युवक को अगवा कर उसके अश्लील फोटो और वीडियो रिकॉर्ड करने तथा वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

21 साल की युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि



उसकी एक युवक से पहचान थी। आरोप है कि युवक अपने एक साथी के साथ उसके घर पहुंचा और वहां युवती के साथ रेप किया। युवती ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, घर से जाते समय भी आरोपी ने धमकाया कि यदि उसने इस घटना के बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाइक के आगे कैंपर लगा युवक को किया अगवा, अश्लील वीडियो बनाए

दूसरा मामला 41 वर्षीय युवक से जुड़ा है। उसने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर की शाम वह बाइक से गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में कैंपर गाड़ी में सवार 4-5 युवकों ने उसकी बाइक के आगे गाड़ी लगा दी। आरोप है कि इसके बाद उसे अगवा कर मारपीट की गई और उसके अश्लील फोटो व वीडियो रिकॉर्ड कर लिए गए। बाद में इन फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया जाने लगा।पुलिस ने इस मामले में भी शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

सीकर में एक युवती और महिला लापता

ज़ूम न्यूज ▶▶| सीकर

जिले में 20 साल की युवती और 24 साल की महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों ही रात के समय घर से बिना बताए कहीं पर चली गई। अब परिवार और पुलिस दोनों की तलाश कर रहा है।

पहले मामले में 20 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके पिता ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 23 नवंबर की रात बेटी घर में ही सोई थी। जब सुबह जागे तो बेटी नहीं मिली। इसके बाद उसकी आसपास में काफी तलाश की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। अंदेशा है कि गांव का ही रहने वाला युवक उसे अपने साथ लेकर चला गया। दूसरे मामले में 24 साल की महिला के लापता होने के केस में उसके पति ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 24 नवंबर की रात उनकी पत्नी घर से बिना बताए कहीं चली गई।

लूणकरणसर में 69 महिला किसानों ने प्रशिक्षण लिया

ज़ूम न्यूज ▶▶| लूणकरणसर

कृषि विज्ञान केंद्र लूणकरणसर में एसएम सहगल फाउंडेशन के सहयोग से महिला किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें 69 महिला किसानों ने हिस्सा लिया। उन्हें आधुनिक खेती, फसलों की देखभाल और घरेलू पोषण वाटिका की जानकारी दी गई।

डॉ. आर.के. शिवरान ने उन्नत कृषि तकनीकों, फसलों की देखभाल और उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने महिला किसानों को खेती में आधुनिक तकनीकें अपनाने के लिए कहा। डॉ. बी.एस. खेरावत ने पोषण वाटिका के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर के आंगन या उपलब्ध जगह में मौसमी सब्जियां उगाकर परिवार को ताजी, सुरक्षित और पौष्टिक सब्जियां मिल सकती हैं। जैविक खाद से सब्जियों की गुणवत्ता बेहतर होती है और घरेलू खर्च में बचत होती है।

महिला किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से सीधे बात की और खेती व पोषण वाटिका से जुड़ी समस्याओं के समाधान जाने। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायणसर के वेदप्रकाश, 264 आरडी के मांगीलाल, नाथवाना के स्योपत राम और कांकड़वाला के लालचंद भी मौजूद रहे। एसएम सहगल फाउंडेशन की ओर से प्रोजेक्ट लीड पुरुषोत्तम जांगिड़, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर नरेंद्र पूनिया और फील्ड असिस्टेंट जयदेव व मेघराज ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला किसानों का तकनीकी ज्ञान बढ़ाना और कृषि गतिविधियों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

लोकतंत्र की मजबूती पर दिया जोर: हमें संविधान में प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों का जिम्मेदारी से पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संविधान दिवस पर बिरला समेत कई मंत्रियों ने रखी अपनी बात

संविधान दिवस (26 नवंबर 2026) के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हम सभी को भारतीय होने पर गर्व है और संविधान में दिए गए अधिकारों व कर्तव्यों का जिम्मेदारी से पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाना चाहिए। दिल्ली में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने और राष्ट्र के विकास पर जोर दिया।



जिम्मेदारी से लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए

बिरला के अनुसार संविधान आज हमारा मार्गदर्शक है और लोकसभा व विधानसभा जैसी संस्थाएं इसी के अनुसार चलती हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में निहित विचारों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को संविधान में दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों का जिम्मेदार तरीके से उपयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाना चाहिए। उन्होंने भारत के लोकतंत्र, विविध विचारों व धर्मों, राष्ट्रीय एकता और लोकतंत्र को मजबूत करने में नागरिकों की भूमिका पर भी बात की।

शाह ने सपूतों को नमन किया, राहुल पर बरसे

कुछ लोग संविधान जेब में रखते हैं, पुस्तक लहराने से पहले उसे पढ़ना भी चाहिए

भाजपा ने संविधान गौरव दिवस मनाया। इस में अध्यक्ष नितिन नवीन के अलावा गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। शाह ने बलिदान देने वाले सपूतों को नमन करते हुए राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग संविधान की किताब, जेब में रखते हैं। लेकिन इसे पढ़ना भी जरूरी है।



स्वतंत्रता सेनानियों ने हंसते हंसते जीवन न्योछावर किया

शाह ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को देश की नई यात्रा शुरू हुई। 90 वर्षों के लंबे स्वतंत्रता संग्राम में अनगिनत बलिदान हुए। कई स्वतंत्रता सेनानियों ने हंसते-हंसते मां भारती के लिए जीवन न्योछावर कर दिया।

उपराष्ट्रपति ने 22 भाषाओं में जारी किया संविधान का संस्करण

राष्ट्र सुरक्षित तो मातृभाषाएं भी सुरक्षित



'संविधान दिवस' पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने संविधान के अद्यतन संस्करणों का विमोचन किया। आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं में जारी किए गए इन संस्करणों को लेकर उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह पहल संवैधानिक सिद्धांतों को देश के हर नागरिक तक सरलता से पहुंचाएगी और लोकतांत्रिक भागीदारी को नई मजबूती देगी।

केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल बोले

अपनी भाषा में संविधान को समझना न्याय और सुशासन की कुंजी

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि अपनी भाषा में संविधान को समझना प्रभावी न्याय और सुशासन के लिए सफलता की कुंजी है। उन्होंने नागरिकों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया।

खबर संक्षेप

एनजीटी ने जल बोर्ड से जवाब तलब किया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दिल्ली में सीवेज प्रदूषण के मुद्दे पर सख्त रुख



अपनाया है। बिना शोधित सीवेज को नालों में छोड़े जाने के मामले में दिल्ली जल बोर्ड से जवाब तलब किया है। अधिकरण ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए डीजेबी को फटकार लगाई है।मौके पर जांच करने का आदेश दिया।

लालू परिवार को बड़ा झटका, चुनौती रद्द


नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी



पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव की याचिकाएं खारिज कर दीं। याचिकाओं में आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में उनके खिलाफ आपराधिक आरोप तय करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी।

शरद पवार की सेहत फिर बिगड़ी, भर्ती

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार की तबीयत एक बार फिर से खराब हो



गई है। उन्हें दक्षिण मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी और पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने बताया कि उनकी हालत डिहाइड्रेशन की वजह से लग रही है। बाबा को ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।

आनंद मोहन को करना होगा आत्मसमर्पण

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सांसद आनंद मोहन को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने बिहार



सरकार का वह फैसला रद्द कर दिया है, जिसके तहत आनंद मोहन को सजा में छूट देकर रिहा किया गया था। यह मामला 1994 में तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या से जुड़ा है।

खरगे ने लखनऊ में नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

एसआईआर और ईवीएम से वोट का अधिकार छीन रहे मोदी और सीईसी

प्रधानमंत्री, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और मुख्यमंत्री योगी पर साधा निशाना

संविधान रक्षा मार्च को लेकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गुरुवार को लखनऊ में संविधान रक्षा मार्च को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और उनके भीतर जोश भी भरा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में संबोधन के दौरान निशाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे।

खरगे ने विधानसभा मार्ग पर आंबेडकर महासभा के कार्यालय पहुंचकर डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश पर श्रद्धांजलि अर्पित की। खरगे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमें गठबंधन को मजबूत करना है और मोदी-योगी को सत्ता से हटाना है। हम सभी को जीतने के लिए साथ मिलकर लड़ना होगा और अहंकार भरी बातें छोड़नी होंगी। उन्होंने कहा कि मोदी और ज्ञानेश गठबंधन कर एसआईआर और ईवीएम के जरिए लोगों से वोट का अधिकार छीन रहे हैं।

इनके 'मुंह में राम-बगल में छुरी



खरगे के निशाने पर इस दौरान भाजपा का शीर्ष और उत्तर प्रदेश का नेतृत्व रहा। उन्होंने कहा कि जब योगी सांसद थे, तब संसद में रो रहे थे। मुझसे किसी ने पूछा कि ये क्यों रो रहे हैं। तब मैंने कहा था- ये लोग ऐसे ही रोते हैं, 'मुंह में राम-बगल में छुरी।

हम लोग डरने वाले नहीं

खरगे ने कहा कि संविधान बनाने में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका रही। सबसे पहले यहीं से पास हुआ था कि 1935 का एक्ट समाप्त किया जाए। बाबा साहब ने वोटिंग का अधिकार दिया। अब भाजपा उसे छीन रही है। हम डरने वाले लोग नहीं हैं। बाकी लोग कभी डर के बैठ जाते हैं, कभी भाजपा के साथ चले जाते हैं।

सभी मिलकर संविधान की रक्षा करें

खरगे ने संविधान की मूल भावना, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है। इसकी रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इन संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हम सभी एकजुट होकर अपनी आवाज को बुलंद करें।



एसआईआरके खिलाफ नेहा का प्रदर्शन

सरकार के लोग संविधान की आत्मा को तार-तार कर रहे

संविधान दिवस के मौके पर 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने दिल्ली में मंदिर मार्ग पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मार्च निकाला और एसआईआर को रद्द करने की मांग की। इस दौरान बोरा ने कहा, मतदाता सूची से हटाया गया हर नाम एक मतदाता की आवाज दबाना है। मतदाता अधिकारों के बिना संविधान दिवस नहीं! एक तरफ सेंट्रल दिल्ली में संविधान दिवस मनाया जा रहा है, दूसरी ओर इसी सरकार के लोग संविधान की आत्मा को तार-तार कर रहे हैं। ज्ञानेश के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्टर और बैनर थाम रखे थे।

दिल्ली कांग्रेस ने ईसी के खिलाफ की नारेबाजी

दिल्ली कांग्रेस ने भी एसआईआर में कथित गड़बड़ी के खिलाफ संविधान दिवस पर मतदान के अधिकार की सुरक्षा की मांग को लेकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। मार्च सिविल लाइंस स्थित ट्रॉमा सेंटर के सामने चांदगी राम अखाड़ा से शुरू हुआ। लोग पोस्टर लिए हुए और भाजपा और चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगाए।

जोश में बात कर रहे मसूद यूपी में गठबंधन होकर रहेगा

खरगे ने इमरान मसूद को नसीहत देते हुए कहा कि मसूद जोश में बोलने वाले नेता हैं। उत्तर प्रदेश के चुनाव में गठबंधन होकर रहेगा। जो दल हमारे गठबंधन में हैं उनके नेताओं के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। हमें मर्यादा में बात कहनी चाहिए।

सीजेपी का नागपुर में प्रदर्शन

लोकतंत्र की रक्षा करेंगे, चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया



सीजेपी ने नागपुर में सेव डेमोक्रेसी, सेव कॉन्स्टिट्यूशन कार्यक्रम की घोषणा की है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि अन्य पोस्ट को दबाया जा रहा है। इंस्टाग्राम से 50 लाख से ज्यादा पोस्ट हटाए गए हैं। उन्होंने पीएम मोदी की तस्वीर लगाई और मोदी चालीसा भी बजाई।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा दीपम विवाद

सभी अवमानना याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगी अदालत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय तिरुप्परंकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने के विवाद से जुड़ी सभी अवमानना याचिकाओं पर 27 नवंबर को सुनवाई करेगा। वार्षिक उत्सव के तहत मंगलवार को तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित उचि पिल्लैयार मंदिर के ऊपर महादीपम जलाया गया। भाजपा समेत कुछ अन्य संगठन दीपथून स्तंभ पर दीपक जलाने की मांग कर रहे थे। इसे लेकर सैकड़ों लोगों ने इसी दिन विरोध प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि दीपथून स्तंभ पर दीपक जलाने की उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बावजूद दीपक वहां नहीं जलाने दिया गया। कोर्ट ने भी नाराजगी जताई है।

भाजपा ने राज्यपाल को दिया ज्ञापन, सीबीआई जांच हो

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर धार्मिक अधिकारों के कथित उल्लंघन और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी की जांच कराने की मांग की। उन्होंने पुलिस पर श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की भी मांग की है। राज्य सरकार के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा। सरकारी अधिकारियों और प्राधिकारियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया

दीपके, दास और रांका से कोर्ट ने मांगा जवाब

सीजेपी के नेताओं अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका को सुप्रीम कोर्ट से एक और नोटिस मिल गया है।सार्वजनिक प्रदर्शनों और विरोध-प्रदर्शनों के नियम-कायदे तैयार करने के निर्देश का अनुरोध किया गया है। सीजेआई की पीठ ने केंद्र , सीजेपी नेताओं को नोटिस दिया है।

सीजेपी के 400 समर्थकों के खिलाफ लुकआउट

सौरव दास के अलावा मुंबई पुलिस ने रांका और दीपके के खिलाफ भी लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। मुंबई पुलिस की ओर से यह कार्रवाई 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर शिवाजी पार्क में बिना अनुमति आयोजित प्रदर्शन से जुड़ी एफआईआर के तहत की गई है। इसी लुकआउट सर्कुलर के आधार पर ही दास 23 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर लंदन जाने से रोके गए थे। यह सर्कुलर इसलिए जारी किया गया है ताकि यह तीनों देश छोड़कर नहीं जाएं। पुलिस की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद इस प्रदर्शन में 400 से अधिक लोग शामिल हुए थे। मुंबई पुलिस की एफआईआर में 400 से अधिक समर्थकों के नाम हैं।

थरूर का संसद की बैठकों पर सवाल

कामकाजी दिन घटकर 70 हुए केंद्र जिम्मेदारी तय नहीं कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने गुरुवार को संसद की कार्यवाही से लेकर ग्रामीण



अर्थव्यवस्था तक के मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार संसद को बहस और जनता की समस्याएं उठाने का मंच बनाने के बजाय कानूनों पर मुहर लगाने वाली संस्था में बदल रही है। उन्होंने कहा कि संसद के सालाना कामकाजी दिनों में लगातार कमी आई है। थरूर ने कहा कि 1950 के दशक में संसद सालाना करीब 120 से 170 दिन तक बैठती थी, लेकिन अब यह अवधि घटकर लगभग 70 दिन रह गई है।

थरूर ने आरोप लगाया कि सरकार संसद में जनता के मुद्दों पर चर्चा और कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित नहीं करना चाहती। दूसरी ओर, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महंगाई, बेरोजगारी और घटती आमदनी को लेकर सरकार पर हमला बोला।

बाल विवाह मुक्त भारत के 2 वर्ष पूरे

महिला एवं बाल विकास आज आयोजित करेगा 'कार्यक्रम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के 2 वर्ष पूरे होने के पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसमें विभाग की मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल होंगी। विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मंत्रालय के अनुसार अभियान की शुरुआत 27 नवंबर 2024 को की गई थी। इसका उद्देश्य सरकार और समाज के सभी वर्गों की सामूहिक भागीदारी के माध्यम से देश से बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करना है। इस अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने, समुदायों को सक्रिय करने और बाल विवाह रोकने के लिए संस्थागत व्यवस्था मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है।



अन्नपूर्णा देवी

सपा के 'प्रण पत्र' पर भाजपा समेत कांग्रेस ने दी प्रतिक्रियाएं

विपक्ष अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा, झूठे वादों से ही हार की गारंटी सुनिश्चित हो जाएगी:भाजपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ लखनऊ

भाजपा नेताओं और प्रवक्ताओं ने सपा व आजम खान की बयानबाजी पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सपा की



राजनीति तुष्टिकरण और समाज को बांटने तक सीमित रही है तथा अपने शासनकाल के जमीन कब्जों और कानून-व्यवस्था के संकट से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे बयान दिए जा रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्ष अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। पंकज चौधरी ने कहा कि झूठे वादों से ही पार्टी की हार की गारंटी सुनिश्चित हो जाएगी। सपा का झूठा घोषणापत्र जनता पहले भी देख चुकी है और इस बार भी स्वीकार नहीं करेगी। दोनों दलों के बीच जिस तरह बयानबाजी चल रही है, उससे साफ है पहले ही गठबंधन का बंटाधार हो चुका है।

कांग्रेस ने भी अपना मसौदा तैयार किया: राजेंद्र गौतम

कांग्रेस नेता: राजेंद्र पाल गौतम ने सपा के अलग घोषणापत्र जारी करने पर असंतोष जताते हुए कहा कि गठबंधन में सहयोगी



दल संयुक्त रूप से घोषणापत्र लाते हैं। उनके अनुसार, कांग्रेस ने भी अपना मसौदा तैयार किया है और यदि उत्तर प्रदेश में गठबंधन तय होता है तो संयुक्त घोषणापत्र जारी होगा, अन्यथा कांग्रेस अपना मसौदा जारी करेगी। उन्होंने दोनों दलों के नेताओं से संयम बरतने की अपील भी की।

प्रधानमंत्री के बाद मंत्री गडकरी ने लिया बंगाल की झालमुड़ी का स्वाद

राज्य में 8,700 करोड़ रु. के निवेश वाली 22 नेशनल हाईवे परियोजनाओं का शुभारंभ किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के कोलाघाट में सीएम शुभेंदु अधिकारी के साथ बंगाल मशहूर स्ट्रीट फूड झालमुड़ी का स्वाद चखा। द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यहां भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। गडकरी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो में वे मुरमुरे, हरी मिर्च और मसालों से तैयार चटपटी झालमुड़ी



का आनंद लेते और स्थानीय विक्रेता से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। गडकरी ने बताया कि सुवेंदु अधिकारी ने इस खास बंगाली स्नैक का इंतजाम किया था। इससे पहले अप्रैल में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी झारग्राम में अचानक अपना काफिला रोककर झालमुड़ी

बुनियादी ढांचे में होगा महत्वपूर्ण सुधार

इस आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बंगाल के बुनियादी ढांचे को बड़ी सौगात दी। उन्होंने राज्य में 8,700 करोड़ के कुल निवेश वाली 22 नेशनल हाईवे परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसके साथ ही, उन्होंने भविष्य में पश्चिम बंगाल के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए कुल 1 लाख करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की भी बड़ी घोषणा की।

आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर मोगा में बोले केजरीवाल

अब नेता नहीं चलाएंगे, बल्कि आम आदमी देश चलाएगा

एजेंसी ▶▶ मोगा

आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर मोगा में पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हमारी पार्टी का स्थापना दिवस है। बहुत कम समय में एक लंबा सफर तय किया है हमने। जब पार्टी बनी थी तो हम पर बहुत से सवाल खड़े हुए थे- क्या हम कुछ कर पाएंगे? ये पार्टी कितने दिन टिकेगी? लेकिन हम टिके भी रहे और पूरे देश का दिल भी जीता। हमने दिल्ली में सरकार बनाई, पंजाब में सरकार बनाई, जम्मू-कश्मीर से लेकर गोवा-गुजरात तक हमें भारत के लोगों का विश्वास और प्यार मिला। केजरीवाल ने कहा कि 'देश नेता नहीं चलाएंगे, बल्कि आम आदमी देश चलाएगा। केजरीवाल ने मान सरकार के कामकाज और उपलब्धियां गिनाईं। सरकार ने सभी वादे और 5बड़ी गारंटियां पूरी की हैं।

बहुत कम समय में हमने लंबा सफर तय किया



हमने राजनीति को बदल दिया

केजरीवाल ने आगे कहा कि हमने काम की राजनीति की, शिक्षा और स्वास्थ्य पर बात की। हमें राजनीति बदल नहीं पाई, बल्कि हमने राजनीति को बदल दिया। अभी बहुत कुछ करना है। देश के लिए बहुत काम करना है। हम न डरेंगे न पीछे हटेंगे।

राजनीति में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाएंगे

केजरीवाल ने संविधान और आप की स्थापना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2012 को आप ने जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि अब आम आदमी की बारी है। राजनीति में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाना ही पार्टी का मकसद है।

मान सरकार ने सभी वादे पूरे कर दिए

पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर अब हलचल तेज हो गई है। तमाम राजनीतिक दलों ने अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। मोगा में आप ने 'खुशहाल पंजाब' महारैली कर अपने चुनावी कैंपेन को शुरू किया। इसमें केजरीवाल , मान और मंत्री शामिल हुए। रैली में केजरीवाल ने मान सरकार के 5 साल के कामकाज का जिक्र किया और दावा किया 2022 के चुनाव में जनता से किए गए सभी वादे पूरे कर दिए गए हैं।

खबर संक्षेप



रुपया 24 पैसे टूटकर 92.44 प्रति डॉलर पर

नई दिल्ली। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 24 पैसे टूटकर 92.44 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और अमेरिका की ओर से अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की आशंका के बीच रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी का प्रवाह भारतीय मुद्रा के पक्ष में रहा, लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बाद फिर तेजी आने और और इनके 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंचने से घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा।

क्रिस्टल क्रॉप का शेयर तीन प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध



नई दिल्ली। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड का शेयर बृहस्पतिवार को 272 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 2.94 प्रतिशत की बढ़त के साथ 280 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। वहीं, एनएसई पर इसने 278 रुपये पर कारोबार शुरू किया, जो निर्गम मूल्य से 2.20 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,492.28 करोड़ रुपये रहा।

एप्पल 10 दिसंबर को हैदराबाद में अपना पहला स्टोर खोलेगी



नई दिल्ली। आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल 10 दिसंबर को हैदराबाद में अपना पहला स्टोर खोलेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह स्टोर लेक शोर-वाई जंक्शन मॉल में खुलेगा और भारत में कंपनी का सातवां खुदरा स्टोर होगा। कंपनी ने कहा, तेलंगाना के हैदराबाद में 'लेक शोर-वाई जंक्शन मॉल' स्थित 'एप्पल कुकटपल्ली' 10 दिसंबर को खुलेगा। यह भारत में कंपनी के रिटेल कारोबार के विस्तार की दिशा में एक और उपलब्धि है। यह दक्षिण भारत में कंपनी की बढ़ती मौजूदगी को और मजबूत करेगा।

एयरटेल असम में तीन डेटा सेंटर करेगी स्थापित



नई दिल्ली। भारती एयरटेल असम में 1,200 करोड़ रुपये के निवेश से तीन डेटा केन्द्र (सेंटर) स्थापित करने की योजना बना रही है।कंपनी के बयान के अनुसार, गुवाहाटी में डेटा सेंटर स्थापित करने पर करीब 700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि जोरहाट और सिलचर की परियोजनाओं पर कुल 500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी ने मार्च में गुवाहाटी में डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए असम सरकार के साथ समझौता किया था। प्रस्तावित जोरहाट डेटा सेंटर करीब चार एकड़ जमीन पर विकसित किया जाएगा।

सितंबर में 4.95 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी : आरबीआई



मुंबई। भारत में सितंबर में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 4.95 अरब डॉलर की कमी आई, जबकि अगस्त में 3.3 अरब अमेरिकी डॉलर का शुद्ध प्रवाह आया था। केंद्रीय बैंक ने सितंबर में शुद्ध एफडीआई में आई गिरावट के लिए सकल निवेश में कमी के साथ विदेशी निवेशकों की ओर से बढ़ी निकासी और भारतीय कंपनियों के विदेश में निवेश में वृद्धि को प्रमुख कारण बताया। हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में शुद्ध एफडीआई बढ़कर 8.8 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7.4 अरब डॉलर था।

भारत का 'एनएसई' बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एक्सचेंज, लंदन को पछाड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। दुनिया में एक नई पहचान बनाने वाली नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में लंदन स्टॉक एक्सचेंज (एलएसई) को पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही एनएसई दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज बन गया है। यह उपलब्धि भारतीय शेयर बाजार की बढ़ती ताकत और वैश्विक पहचान को दिखाती है। लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप (एलएसईजी) के आंकड़ों के मुताबिक, एनएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 5.86 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है, जबकि लंदन स्टॉक एक्सचेंज (एलएसई) की वैल्यू लगभग 5.77 लाख करोड़ रुपए है।

मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में लंदन एक्सचेंज छूटा पीछे

दुनिया के टॉप एक्सचेंज में एनएसई की जगह

एनएसई ने जर्मनी की कंपनी इयूरो बोर्स एजी को भी पीछे छोड़ दिया है, जिसका मार्केट कैप करीब 5.9 लाख करोड़ रुपए यानी 63.4 अरब डॉलर बताया गया है। मार्केट कैपिटलाइजेशन के आधार पर फिलहाल एनएसई से आगे सिर्फ दो बड़े एक्सचेंज हैं। इनमें सीएमई ग्रुप करीब 10.49 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप के साथ पहले और इंटरकॉन्टिनेंटल एक्सचेंज लगभग 9.34 लाख करोड़ रुपए के मूल्यांकन के साथ दूसरे स्थान पर है।

एनएसई के शेयर में भी दिखी तेजी

हालांकि, इस उपलब्धि के बीच एनएसई के शेयर में भी लगातार तेजी देखने को मिली है। गुरुवार को दूसरे कारोबारी सत्र में भी शेयर की बढ़त काफी तेजी से जारी रही है। नवंबर में अब तक 18 कारोबारी सत्रों में से 14 में इसमें तेजी दर्ज की गई है।

अक्टूबर में शेयर 34 फीसदी बढ़ा था

इससे पहले अक्टूबर में भी शेयर में करीब 34 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी। शेयर की लगातार मजबूत चाल ने एनएसई के बाजार की वैल्यू को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं, मार्केट कैप के आधार पर लंदन को पीछे छोड़ना भारतीय वित्तीय बाजार की बढ़ती वैश्विक पहचान को दिखाता है. हालांकि, एक्सचेंजों की रैंकिंग उनके बाजार मूल्य में होने वाले बदलाव के साथ बदल सकती है।

निफ्टी 2027 के अंत तक 29,000 अंक पर होगा

अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी जेपी मॉर्गन को उम्मीद है कि भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख मानक सूचकांक निफ्टी-50 अगले साल के अंत तक 12 प्रतिशत उछलकर 29,000 अंक पर पहुंच जाएगा। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। इसके साथ ही ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) दिसंबर, फरवरी और अप्रैल की अपनी मौद्रिक नीति समीक्षाओं में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की तीन और बढ़ोतरी कर सकता है।

भारतीय कंपनियों की आय 12 फीसदी बढ़ेगी

जेपी मॉर्गन ने कहा कि कंपनियों की बेहतर होती लाभप्रदता, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, उपभोक्ता मांग में मजबूती, घरेलू ऋण वृद्धि और निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में विस्तार से वर्ष 2027 में भारतीय शेयर बाजार को समर्थन मिलेगा।

बाजार तक पहुंच को लेकर अनिश्चितता होगी

अमेरिका के प्रस्तावित शुल्क से रत्न, आभूषण निर्यात पर पड़ेगा असर: जीजेईपीसी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका के शुल्क बढ़ाने या बाजार तक पहुंच को लेकर अनिश्चितता से भारतीय रत्न एवं आभूषण निर्यात की प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रभावित हो सकती है और निर्यातकों का मुनाफा घट सकता है। जीजेईपीसी के अध्यक्ष किरीट भंसाली ने एक बयान में कहा कि स्थिति में सुधार के संकेत मिलने लगे थे। अप्रैल-अक्टूबर 2026 के दौरान अमेरिका को भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 14.87 प्रतिशत बढ़कर 3,607 करोड़ डॉलर का हो गया। हालांकि, भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 25 प्रतिशत शुल्क से इस क्षेत्र पर फिर दबाव पड़ सकता है।

निर्यात की प्रतिस्पर्धी क्षमता हो सकती है प्रभावित

ऑर्डर मिलने की प्रक्रिया बाधित होगी

भंसाली ने कहा कि शुल्क में किसी भी तरह की बढ़ोतरी या बाजार तक पहुंच को लेकर लगातार बनी अनिश्चितता से भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होगी, ऑर्डर मिलने की प्रक्रिया बाधित होगी और इस प्रमुख बाजार में निर्यातकों का मुनाफा घटेगा।
अमेरिका ने बुधवार को भारत से आयात होने वाले सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया।



जांच के दायरे में ये देश शामिल

ये जांच विनिर्माण क्षेत्रों में संरचनात्मक अतिरिक्त क्षमता और उत्पादन से संबंधित हैं। जांच के दायरे में चीन, यूरोपीय संघ, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, ताइवान, बांग्लादेश, जापान, नॉर्वे, मेक्सिको और भारत शामिल हैं।

द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने पर शुल्क कम होने का प्रावधान

हालांकि, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने पर इसे घटाकर 17 प्रतिशत तक सीमित करने का प्रावधान भी किया गया है। इससे भारतीय निर्यातकों को एशियाई प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले थोड़ी बढ़त मिल सकती है।

प्रस्तावित समझौते से शुल्क 17 फीसदी होगा

भंसाली ने उम्मीद जताई कि प्रस्तावित समझौते से शुल्क घटकर 17 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे भारतीय उत्पादों की कीमतों के लिहाज से प्रतिस्पर्धात्मकता बहाल होगी और निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में कारोबार बढ़ाने का बेहतर अवसर मिलेगा।

भारत की पीएलआई योजना से उत्पादन क्षमता बढ़ी : अमेरिका

अमेरिका ने भारत की उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इससे कंपनियों को बड़े पैमाने पर विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन मिला है, जिससे कई क्षेत्रों में उत्पादन क्षमता जरूरत से अधिक बढ़ने की स्थिति पैदा हो गई है।
अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की 25 नवंबर को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की 'मेक इन इंडिया', पीएलआई और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे कार्यक्रम विनिर्माण उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देकर विभिन्न क्षेत्रों में अतिरिक्त उत्पादन क्षमता पैदा करने में योगदान दे रही हैं।

छह महीने में 60 टन की बढ़ोतरी

आरबीआई ने देश में सोने का भंडार बढ़ाया

एजेंसी ▸▸ मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि उसने अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान 60.08 टन सोना विदेश से वापस लाकर देश में रखा है। आरबीआई की विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर जारी छमाही रिपोर्ट के मुताबिक, देश में रखा गया सोना सितंबर 2026 में बढ़कर 740.13 टन हो गया, जो मार्च 2026 में 680.05 टन था।

- देश में रखा सोना बढ़कर 740 .13 टन हुआ

इस वृद्धि के साथ केंद्रीय बैंक के कुल 880.52 टन सोने में से अब करीब 84.06 प्रतिशत सोना देश में ही मौजूद है। मार्च 2026 में यह अनुपात 77.23 प्रतिशत था।
रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने का कुल भंडार 880.52 टन पर अपरिवर्तित रहा।
वैश्विक तनाव के बीच केंद्रीय बैंक पिछले कुछ वर्षों से लगातार अपने सोने के भंडार को देश में स्थानांतरित कर रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में 104 टन सोना देश में लाया गया था।
रिपोर्ट के अनुसार, 140.39 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास सुरक्षित रखा गया था। मूल्य के लिहाज से (अमेरिकी डॉलर में) कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर 2026 के अंत में कम होकर करीब 14.38 प्रतिशत रह गई जो मार्च 2026 में 16.70 प्रतिशत थी।

बांड पर प्रतिफल बढ़ने व मजबूत डॉलर का असर सोने पर

अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने, डॉलर मजबूत होने और मौद्रिक नीति सख्त होने के अनुमान का असर सोने की कीमतों पर पड़ा। सुरक्षित निवेश और निवेश पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए निवेशकों की मांग बनी रहने के बावजूद कीमतों में गिरावट आई।

विदेशी निवेशकों की लगातार खरीदारी जारी रही

आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 390 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में जोरदार खरीदारी और विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली से सेंसेक्स 390 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी भी बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 390.31 अंकबढ़कर 84,328.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 613.46 अंक उछलकर 84,551.74 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 65.25 अंक बढ़कर 25,884.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक का शेयर सबसे अधिक 6.28 प्रतिशत चढ़ा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 4.97 प्रतिशत, इन्फोसिस में 4.70 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में भी 3.33 प्रतिशत की तेजी रही। इनके अलावा एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस,



बजाज फिनसर्व और ट्रेंट के शेयर नुकसान में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,479.08 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.79 प्रतिशत गिरकर 93.86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

स्मॉलकैप में मामूली तेजी : व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.78 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.65 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड में सर्वाधिक 3.41 प्रतिशत की तेजी रही।

प्रस्तावित शुल्क का बाजार पर असर कम

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और चुनिंदा शेयरों में खरीदारी का असर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिका के प्रस्तावित शुल्कों से जुड़ी चिंताओं पर भारी पड़ा। एशियाई प्रौद्योगिकी शेयरों में सुधार के साथ आईटी शेयरों में भी तेजी आई।"

चीनी उत्पादन 2026-27 में 15 फीसदी घटने का अनुमान

नई दिल्ली। देश में सकल चीनी उत्पादन विपणन वर्ष 2026-27 में 15 प्रतिशत घटकर 265.21 लाख टन रहने का अनुमान है। गन्ने के कम उत्पादन और कमजोर मानसूनी बारिश के कारण चीनी उत्पादन में गिरावट आ सकती है। उद्योग संगठन भारतीय चीनी एवं जैव ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने यह कहा। भारत में चीनी की सालाना मांग 280-285 लाख टन रहने का अनुमान है।

सोना 1,500 रुपए मजबूत, चांदी स्थिर

नई दिल्ली। रुपये में गिरावट और निचले स्तर पर लिवाली बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।
स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार के बंद स्तर 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। हालांकि, चांदी की कीमत 1.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही, जो इसका एक साल का निचला स्तर है।



कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होकर 92.44 पर आने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को समर्थन मिला। रुपये में गिरावट से डॉलर में कीमत तय होने वाला सोना, घरेलू बाजार में महंगा हो गया।
ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा, ''पिछले कारोबारी सत्र में कुछ समय के लिए गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में कुछ सुधार हुआ।

डाक विभाग को 2030 तक लाभ में लाने का लक्ष्य : सिंधिया

नई दिल्ली। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि डाक विभाग नई योजनाओं और उत्पादों के साथ अपनी परिचालन दक्षता बढ़ाकर वर्ष 2030 तक लाभ कमाने की स्थिति में पहुंचने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।



सिंधिया ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूर 2,632 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने डाक सेवाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने तथा मजबूत करने के लिए दो योजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें डाक परिचालन योजना के लिए 1,141 करोड़ रुपये और डाक विभाग की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए 1,491 करोड़ रुपये शामिल हैं। सिंधिया ने मंत्रिमंडल के इन फैसलों परकहा, ''हमारा लक्ष्य इस पूंजी निवेश, नई योजनाओं और नए उत्पादों के दम पर डाक विभाग को लागत केंद्र से लाभ केंद्र में बदलना है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में डाक विभाग का राजस्व रिकॉर्ड 16 प्रतिशत बढ़कर 15,373 करोड़ रुपये रहा था।

डिजिटल भुगतान बढ़ने के बावजूद नकदी की भूमिका कायम

डेबिट कार्ड के मुकाबले क्रेडिट कार्ड से छह गुना ज्यादा खर्च

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

क्रेडिट कार्ड से खर्च डेबिट कार्ड से खरीदारी के मुकाबले अक्टूबर में करीब छह गुना रहा, जबकि एटीएम से नकदी निकासी का मूल्य क्रेडिट कार्ड से हुए कुल खर्च के लगभग बराबर रहा। यह दर्शाता है कि डिजिटल भुगतान बढ़ने के बावजूद नकदी की भूमिका अब भी महत्वपूर्ण है।
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड से करीब 2.45 लाख करोड़ रुपये का खर्च किया गया, जबकि डेबिट कार्ड से खरीदारी पर 40,492 करोड़ रुपये खर्च हुए।

- क्रेडिट कार्ड से करीब 2.45 लाख करोड़ रुपए का खर्च

इस दौरान एटीएम और दुकानों पर लगी कार्ड भुगतान मशीनों (पीओएस) से कुल नकद निकासी 2.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही, जो क्रेडिट कार्ड से हुए खर्च से थोड़ी कम है।
क्रेडिट कार्ड से हुए कुल खर्च में ऑनलाइन लेनदेन की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। इसके जरिये 1.54 लाख करोड़ रुपये का खर्च किया गया, जबकि दुकानों और अन्य भौतिक बिक्री केंद्रों पर पीओएस मशीनों के जरिये 90,562 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ।



नकदी निकासी में डेबिट कार्ड का उपयोग अधिक

इसके उलट, डेबिट कार्ड का इस्तेमाल मुख्य रूप से दुकानों पर खरीदारी में हुआ। डेबिट कार्ड से पीओएस केंद्रों पर 24,957 करोड़ रुपये और ऑनलाइन माध्यम से 15,284 करोड़ रुपये का खर्च किया गया। नकदी निकासी के मामले में डेबिट कार्ड का इस्तेमाल सबसे अधिक हुआ। अक्टूबर में एटीएम से डेबिट कार्ड के जरिये हुए कुल 42.04 करोड़ लेनदेन में 2.32 लाख करोड़ रुपये से अधिक की नकदी निकाली गई।

क्रेडिट कार्ड के जरिए एटीएम से 415 करोड़ नगद निकाले

क्रेडिट कार्ड के जरिये एटीएम से 415 करोड़ रुपये की नकदी निकाली गई। जबकि डेबिट कार्ड से पीओएस केंद्रों पर नकदी निकासी करीब 1.27 करोड़ रुपये रही। आंकड़ों से पता चलता है कि क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल मुख्य रूप से खरीदारी, खासकर ऑनलाइन भुगतान के लिए किया जा रहा है, जबकि डेबिट कार्ड का उपयोग नकदी निकालने के लिए अधिक हो रहा है।

निवेशकों को बार-बार नहीं जमा करने होंगे दस्तावेज

सेबी ने केवाईसी नियमों में किए बदलाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया आसान बनाने और अलग-अलग बाजार मध्यस्थों के पास बार-बार दस्तावेज जमा करने की जरूरत कम करने के लिए केवाईसी व्यवस्था में कई बदलाव किए। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि विभिन्न बाजार मध्यस्थों के लिए समान पूरक ग्राहक जानकारी अब केवाईसी पंजीकरण एजेंसी (केआरए) के स्तर पर केंद्रीकृत की जाएगी। इससे निवेशकों को अलग-अलग मध्यस्थों के पास खाता खोलते समय समान जानकारी दोबारा नहीं देनी होगी।

बार-बार दस्तावेज जमा करने की जरूरत कम होगी

कुछ पूरक जानकारी देनी होगी

इसके तहत खाता खोलने के फॉर्म के दूसरे हिस्से में दी जाने वाली कुछ पूरक जानकारियां केंद्रीकृत की जाएंगी। पूंजी बाजार के मध्यस्थों की श्रेणी में शेयर ब्रोकर, म्यूचुअल फंड कंपनियां और निवेशकों को बाजार से जुड़ी सेवाएं देने वाली अन्य संस्थाएं आती हैं।



नए ग्राहक जोड़ने की प्रक्रिया आसान होगी

नियामक ने कहा कि बाजार मध्यस्थों को केआरए और केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआरआर) से जानकारी मिलने पर ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड अपडेट करने होंगे। इससे दोबारा जानकारी जुटाने की जरूरत कम होगी और नए ग्राहक जोड़ने की प्रक्रिया आसान बनेगी।

खाता बंद होने की सूचना पांच दिन में देनी होगी

म्यूचुअल फंड को छोड़कर अन्य मध्यस्थों को खाता बंद होने की सूचना पांच कार्यदिवस के भीतर केआरए को देनी होगी। इसके बाद केआरए को दो कार्यदिवस के भीतर संबंधित केवाईसी रिकॉर्ड अपडेट या अलग करना होगा।

प्रावधान 24 दिसंबर से लागू होंगे

सेबी ने कहा कि इन बदलावों का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि ग्राहकों की जानकारी केवल उन्हीं मध्यस्थों के साथ साझा हो, जिनके साथ उनका सक्रिय खाता संबंध है। परिपत्र के प्रावधान 24 दिसंबर से लागू होंगे। केआरए को इनके क्रियान्वयन के लिए 30 दिन के भीतर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करनी होगी।

आज मलेशिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जीत का परचम लहराने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶ भोपाल

अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले सेमीफाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए खिताबी हैट्रिक पूरी करने के एक कदम और करीब पहुंचने की कोशिश करेगी। भारत ने लीग चरण के पांचों मैच जीते हैं और वह कुल मिलाकर 14 मैचों से अजेय है। अपने इस शानदार प्रदर्शन ने वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचने में भी सफल रही है। भारत का लक्ष्य लगातार तीन एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने वाली पहली टीम बनना है। उसने 2023 और 2024 में क्रमशः रांची और राजगीर में ट्रॉफी जीती थी।



भारत ने अभी तक नहीं हारा कोई मैच

सेमीफाइनल में भारतीय टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। उसने राउंड-रॉबिन मुकाबले में मलेशिया को 4-1 से हराया था। इसके अलावा भारत ने थाईलैंड को 7-0, जापान को 4-0 से, दक्षिण कोरिया पर 2-1 से और चीन को 6-2 से पराजित किया था।

सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया प्रभावित

दीपिका सहरावत, लालरेम्सियामी, नेहा, कप्तान सलीमा टेटे, मुमताज खान और पूजा साहू ने अब तक अपने खेल से प्रभावित किया है। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने भी गोल करने के अवसर पैदा करने की अपनी क्षमता का अच्छा नमूना पेश किया है जबकि बलजीत कौर ने बायें छोर पर आक्रमण को अच्छी तरह से संभाला है। भारत की मध्य पंक्ति में नेहा और सलीमा ने अच्छा खेल दिखाया है जिसमें उन्हें साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, रुतुजा और बलजीत का अच्छा सहयोग मिला है।

इन खिलाड़ियों ने दागे गोल

दीपिका का प्रदर्शन विशेष रूप से प्रभावशाली रहा है। उन्होंने पांच मैचों में आठ गोल किए हैं जो टूर्नामेंट में किसी भी खिलाड़ी के सर्वाधिक गोल हैं। उन्होंने सात गोल पेनल्टी कॉर्नर और एक मैदानी गोल किया है। मुमताज और लालरेम्सियामी ने तीन-तीन गोल किए हैं। रक्षापंक्ति में निक्की प्रधान, ज्योति, सुशीला चानू, ज्योति सिंह और लालथंटलुआंगी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की अनुपस्थिति में बिचु देवी खारिबाम और बंसारी सोलंकी ने गोलकीपिंग की जिम्मेदारी अच्छी तरह से साझा की है। सविता को इस टूर्नामेंट से विश्राम दिया गया है।

भारतीय टीम : गोलकीपर: बंसारी सोलंकी, बिचू देवी खारीबाम। डिफेंडर: निक्की प्रधान, ज्योति, ज्योति सिंह, सुशीला चानू, लालथंटलुआंगी, पूजा साहू। मिडफील्डर: रुतुजा दादासो पिसल, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, साक्षी राणा, बलजीत कौर, इशिका। फॉरवर्ड: नवनीत कौर, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेम्सियामी, मुमताज खान।

मलेशिया ने भी अच्छा प्रदर्शन

मलेशिया ने अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में थाईलैंड पर 4-0 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। उस मैच में दो-दो गोल करने वाली नुरमिराह जुल्फिफली और नूर अजहर उन खिलाड़ियों में शामिल होंगी जिन पर भारत को नजर रखने की जरूरत है। पहले सेमीफाइनल में जापान का सामना मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से होगा।

खबर संक्षेप



द. कोरिया को हराकर इटली डेविस कप के सेफा में

बोलोग्ना। मैटियो बेरेटिनी और एंड्रिया वावास्सोरि की निर्णायक युगल मैच में जीत से तीन बार के मौजूदा चैंपियन इटली ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। एकल में दोनों टीम ने एक-एक मैच जीता था जिसके बाद बेरेटिनी और वावास्सोरि ने चुंग ह्योन और क्वोन सून-वू को 7-6 (2), 7-6 (11) से हराकर इटली को सेमीफाइनल में पहुंचाया। ऐसे हुई दक्षिण कोरिया की वापसी इससे पहले लोरेंजो मुसेटी ने हांग सेओंग-चान को 6-0, 7-6 (5) से हराकर इटली को बढ़त दिलाई लेकिन विश्व में 156वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी क्वोन ने फ्रेंच ओपन के उपविजेता फ्लेवियो कोबोली को 2-6, 7-6 (3), 7-6 (5) से हराकर दक्षिण कोरिया को वापसी दिलाई। डेविस कप में क्वोन की एकल में यह लगातार छठी जीत थी। सेमीफाइनल में मेजबान इटली का मुकाबला चेकिया (पूर्व नाम चेक गणराज्य) से होगा, जिसने मंगलवार को कनाडा को 2-0 से हराया था।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगे यानिक सिनर



मेलबर्न। दो बार के चैंपियन यानिक सिनर दाहिने घुटने की सर्जरी के कारण वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग नहीं लेंगे। इस टूर्नामेंट के आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंड्रयू अब्दो ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा, ''हम यानिक की टीम के साथ नियमित संपर्क बनाए हुए हैं और उन्होंने पुष्टि की है कि हाल ही में हुई सर्जरी के बाद वह जनवरी में होने वाले टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। सिनर ने जुलाई में विंबलडन के रूप में अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। उन्होंने 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था।

अयान वजीरल्ली कतर चैलेंजर के फाइनल में



नई दिल्ली। भारत के अयान वजीरल्ली ने कतर के खिलाड़ी यूसुफ फराग को हराकर हुए दोहा में चल रहे क्यूएसएफ फाइव पीएसए चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीयता प्राप्त वजीरल्ली ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में फराग को 12-10, 10-12, 11-4, 11-5 से हराया। फाइनल में भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला मिस्र के हसन मेन्शॉवी से होगा।

दूसरा टेस्ट मैच 27 नवंबर से क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल स्टेडियम में सुबह 3:30 बजे से

शुभमन के पास इतिहास रचने का मौका न्यूजीलैंड भी दमखम के साथ रोकने तैयार

एजेंसी ▶▶ क्राइस्टचर्च

भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 27 नवंबर (शुक्रवार) से खेला जाएगा। भारत को अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी जिससे पहले टीम प्रबंधन गेंदबाजी आक्रमण को लेकर कशमकश में है।

पहले टेस्ट की तरह यहां की पिच भी शुरू में घास वाली दिख रही है लेकिन यह बाद में बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन साबित हो सकती है इसलिए भारतीय टीम को किसी तरह के मुगालते में नहीं रहना चाहिए। सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल मैदान पर होने वाले इस मुकाबले में शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम की नजरें इतिहास बदलने पर होंगी। भारत ने 2009 के बाद से न्यूजीलैंड की धरती पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है।



न्यूजीलैंड में भारत का प्रदर्शन नहीं रहा है कुछ खास

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में भारत का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमें कुल 66 मैचों में आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 22 में भारत ने जीत दर्ज की है और 16 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं। इनके अलावा 28 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके घर पर खेलते हुए भारत ने 5 टेस्ट में जीत दर्ज की है और 10 में हार झेली है। इस बीच 11 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

ऐसी हो सकती है प्लेइंग इलेवन

दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम अपने प्लेइंग इलेवन में बड़ा बदलाव कर सकती है। पहले मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे प्रसिद्ध कृष्णा की जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को मौका मिल सकता है।

भारत एकादश : केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

न्यूजीलैंड एकादश: टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोल्स, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, नाथन स्मिथ, काइल जैमीसन, मैट हेनरी और जैकब डफी।

कैसी रहती है हेग्ले ओवल की पिच?

हेग्ले ओवल की पिच में पारंपरिक रूप से पहले दिन के दौरान तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है और मैच के आगे बढ़ने के साथ में बल्लेबाज इसका फायदा उठा सकते हैं। यहां स्पिनरों को ज्यादा मदद मिलने का रिकॉर्ड नहीं है। ऐसे में गेंदबाजों को विकेट के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है और मैच का परिणाम आखिरी दिन में देखने को मिल सकता है। हाउस्टेट के मुताबिक, यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 271 रन है।

कैसा रहेगा क्राइस्टचर्च का मौसम?

क्राइस्टचर्च में टेस्ट के पांचों दिन बारिश की ज्यादा संभावना नहीं है। एक्यूवेदर के मुताबिक, इन 5 दिनों में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान की बात करें तो उसके 10 डिग्री सेल्सियस तक रहने की उम्मीद है।

इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

न्यूजीलैंड के लिए कॉनवे ने पिछले 10 मैचों में 58.47 की औसत से 994 रन बनाए हैं। वहीं, रचिन के नाम 66.15 की औसत से 860 रन दर्ज हैं। भारत के लिए राहुल ने पिछले 10 मैचों में 52.8 की औसत से 792 रन बनाए हैं, जबकि यशस्वी ने पिछले 10 मैच में 41.63 की औसत से 666 रन जोड़े हैं। न्यूजीलैंड के हेनरी ने पिछले 6 मैच में 33 और सिराज ने 9 मैच में 31 विकेट लिए हैं।

सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन

त्रीसा-गायत्री जीती, क्वार्टर फाइनल में चार भारतीय महिला खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके अपना खिताब बचाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया जबकि चार अन्य भारतीय महिला खिलाड़ियों ने भी बृहस्पतिवार को यहां सैयद मोदी इंडिया अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अगस्त में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने एकतरफा मुकाबले में श्रेया बालाजी और प्रणवी नटराजन की हमवतन जोड़ी को 21-9, 21-8 से हराया।

महिला एकल खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

महिला एकल में दूसरी वरीय तन्वी शर्मा, तीसरी वरीय उन्नति हुड्डा, अनमोल खरब और तस्नीम मीर ने अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करके अंतिम आठ में जगह बनाई। तन्वी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया की मुटियारा आयु पुस्पितासारी को एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 21-18, 21-18 से हराया।

उन्नति-तस्नीम ने किया उलटफेर

उन्नति ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-14, 21-18 से शिकस्त दी जबकि तस्नीम ने उलटफेर करते हुए छठी वरीयता प्राप्त स्कॉटलैंड की कर्स्टी गिल्मोर को 21-19, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अनमोल ने दूसरे दौर के मुकाबले में इस साल कोरिया मास्टर्स का खिताब जीतने वाली अपनी हमवतन और पांचवीं वरीयता प्राप्त अश्मिता चालिहा को 21-16, 21-15 से हराया।

आईपीएल

एमआई की एक शर्त ने पांडया के पूरे सौदे पर पानी फेरा



एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2027 से पहले स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस से अपनी टीम में शामिल करने के राजस्थान रॉयल्स का प्रयास अंतिम समय में विफल हो गए। दोनों फ्रेंचाइजियों के बीच इस बड़े ट्रेड को लेकर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी थी, लेकिन एमआई की एक शर्त ने पूरे सौदे पर पानी फेर दिया। इसके बाद पंजाब किंग्स ने एमआई से बातचीत का सौदे को अंतिम रूप दिया।

एमआई और आरआर के बीच नहीं बनी बात

टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, आरआर के मुख्य कोच कुमार संगाकारा ने इस सौदे को अंतिम रूप देने के लिए बेंगलुरु जाकर एमआई के प्रतिनिधियों और आरआर के मालिकों के साथ बैठक भी की थी। प्रस्तावित स्वैप डील में यशस्वी जायसवाल को एमआई में भेजा जाना था। हालांकि, एमआई ने यह स्पष्ट शर्त रख दी कि वे हार्दिक को तभी रिलीज करेंगे जब आरआर जायसवाल के साथ इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भी इस सौदे में शामिल करे।

आरआर ने ठुकराई एमआई की यह मांग

रिपोर्ट्स के अनुसार, आरआर ने आईपीएल 2027 के लिए जोफ्रा आर्चर को 12.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। टीम में आर्चर की अहमियत को देखते हुए आरआर ने मुंबई की इस मांग को ठुकरा दिया और बातचीत से पीछे हटने का फैसला किया।

एमआई ने पीबीकेएस के साथ किया सौदा

आरआर के साथ सौदा टूटने के बाद हार्दिक का भविष्य अधर में लटक गया था, लेकिन पीबीकेएस के साथ एक नया रास्ता खुल गया। आधिकारिक तौर पर यह घोषणा की गई कि हार्दिक को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के बदले पीबीकेएस में ट्रेड कर दिया गया है। अब हार्दिक की सैलरी बढ़कर 18 करोड़ रुपये हो गई है, जो एमआई की 16.35 करोड़ रुपये से अधिक है। अर्शदीप की सैलरी 18 करोड़ रुपये बरकरार रखी गई है।

आडवाणी क्रूसिबल कप जीतने वाले पहले भारतीय बने

नई दिल्ली। पंकज आडवाणी प्रतिष्ठित क्रूसिबल कप स्नूकर टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने ब्रिटेन के रीडिंग में स्नूकर 900 प्रारूप में खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में माल्टा के पूर्व पेशेवर खिलाड़ी टोनी ड्रैगो को 6-0 से हराया। मौजूदा विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन आडवाणी ने अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विश्व स्नूकर चैंपियन नील रॉबर्टसन को 5-2 से हराया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने जो पेरी को 5-1 से आसानी से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पेरी ने मौजूदा विश्व स्नूकर चैंपियन वू यिजे को 5-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। एक अन्य सेमीफाइनल में ड्रैगो ने बड़ा उलटफेर करते हुए रॉनी ओसुलिवन को 5-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।



जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू होगी हॉकी इंडिया लीग, नीलामी सात दिसंबर को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हीरो हॉकी इंडिया लीग जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू होगी जबकि खिलाड़ियों की नीलामी सात दिसंबर को होगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में छह फ्रेंचाइजी टीम जबकि महिलाओं के वर्ग में चार फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इस लीग के लिए जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार किसी भी फ्रेंचाइजी को 29 नवंबर तक अन्य फ्रेंचाइजी को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के बारे में सूचित करना होगा।



ट्रेडिंग विंडो 29 नवंबर से 2 दिसंबर तक खुलेगी

आधिकारिक ट्रेडिंग विंडो 29 नवंबर को दोपहर 12 बजे खुलेगी और दो दिसंबर को सुबह 10 बजे बंद होगी। इसके बाद फ्रेंचाइजी को दो दिसंबर को दोपहर 12 बजे तक अपनी अंतिम टीम की सूची जमा करनी होगी। उसी दिन शाम को नीलामी में शामिल खिलाड़ियों की सूची फ्रेंचाइजी को दी जाएगी। इसके बाद फ्रेंचाइजी को तीन दिसंबर को शाम पांच बजे तक उन खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी जिन्हें वह नीलामी में रखना चाहते हैं।

खिलाड़ियों की वेतन सीमा निर्धारित

नए सत्र के लिए पुरुषों की प्रतियोगिता में वेतन सीमा प्रति फ्रेंचाइजी चार करोड़ रुपये जबकि और महिलाओं की प्रतियोगिता में प्रति फ्रेंचाइजी में दो करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। नीलामी में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए आधार मूल्य दो लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये होगा।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट

राजस्थान ने छह विकेट से जीत दर्ज कर सुपर लीग में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलामी बल्लेबाज अभिषेक तोमर के अर्धशतक और तेज गेंदबाजों दीपक चाहर तथा अराफात खान की शानदार गेंदबाजी की बदौलत राजस्थान ने बृहस्पतिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने आखिरी मुकाबले में बंगाल को छह विकेट से हराकर सुपर लीग चरण में जगह बना ली।

बंगाल की टीम बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण 20 ओवर में नौ विकेट पर 157 रन ही बना सकी। इस हार के साथ ही अगले चरण में पहुंचने की उसकी उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। चाहर (13 रन पर तीन विकेट) और अराफात (36 रन पर तीन विकेट) ने राजस्थान के लिए तीन-तीन विकेट चटकाए। राजस्थान ने लक्ष्य को महज 16.4 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर हासिल कर लिया।



राजस्थान को मिले चार अंक

इस जीत से राजस्थान को चार महत्वपूर्ण अंक मिले और उसने 20 अंक के साथ सुपर लीग में जगह पक्की की। चारों ग्रुप से दो-दो टीम आठ टीम के सुपर लीग चरण के लिए क्वालीफाई करती हैं। बड़ौदा ने पिछले मुकाबले में ही अगले चरण में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली थी। उसने पांच जीत और दो हार के साथ राजस्थान के समान 20 अंक हासिल किए। यह हार बंगाल के लिए विशेष रूप से निराशाजनक रही जिसे क्वालीफाई करने के लिए जीत की जरूरत थी।

मुंबई ने उत्तराखंड को 86 रन से हराया, ग्रुप चरण में अजेय रहा

कोलकाता। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली मुंबई टीम ने जीत का छक्का लगा दिया है। मुंबई ने उत्तराखंड पर 86 रनों की बड़ी जीत हासिल की। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में मुंबई ने जीत का 'सिक्स' लगा दिया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गुरुवार को मुंबई ने उत्तराखंड को 86 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। यह इस टूर्नामेंट में मुंबई की 7 मैचों में छठी जीत है, उसका एक मैच रद्द हो गया था। सूर्या की कप्तानी वाली मुंबई अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है।

मुंबई ने खड़ा किया 209 रन का स्कोर : गुरुवार को खेले गए मैच में मुंबई की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी और स्कोरबोर्ड पर 209 रन लगा दिए. हालांकि वह पूरे 20 ओवर भी बैटिंग नहीं कर पाई थी. सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने 51 रन और मुशीर खान ने 65 रनों का योगदान दिया।

ट्रंप टैरिफ का 14 देशों ने किया विरोध

भारत बोला- किसी भी क्षेत्र में अतिरिक्त उत्पादन क्षमता नहीं, चर्चा करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ नीति ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक बार फिर तनाव बढ़ा दिया है। चीन, जापान समेत अमेरिका के 14 व्यापारिक साझेदारों ने नए आयात शुल्क लगाने की योजना का विरोध किया है। इन देशों ने अमेरिकी प्रशासन के उस आरोप को भी गलत बताया है, जिसमें कहा गया है कि उनके यहां जरूरत से ज्यादा सामान बनाया जा रहा है। इस बीच भारत सरकार ने अमेरिकी आरोप को खारिज करते हुए कहा है कि देश के किसी भी क्षेत्र में संरचनात्मक रूप से अतिरिक्त विनिर्माण क्षमता नहीं है। अमेरिका ने भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) होने पर इस शुल्क को घटाकर 17 फीसदी करने का प्रावधान रखा गया है।

भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध

भारत पर 25% टैरिफ का प्रस्ताव, बीटीए होने पर 17%



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

नोटिस की जांच कर रहे

वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत अमेरिका के साथ मिलकर द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) की ओर से जारी नोटिस और उस पर मांगी गई टिप्पणियों पर संज्ञान लिया है। यह नोटिस विनिर्माण क्षेत्रों में संरचनात्मक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता से जुड़ी सेक्शन 301 जांच के तहत जारी किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल इस नोटिस की जांच की जा रही है।

टैरिफ और व्यापार युद्ध किसी के हित में नहीं: चीन

चीन और जापान ने टैरिफ लगाने के प्रस्ताव को लेकर अमेरिका के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराया है। चीन ने जरूरत से ज्यादा उत्पादन के आरोप को गलत आधार बताया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन इस आरोप को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करने का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि टैरिफ और व्यापार युद्ध किसी के हित में नहीं हैं।

बाजार नियंत्रित करने की नीतियां नहीं: जापान

जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने कहा कि उनके देश में न तो बाजार को अनुचित तरीके से नियंत्रित करने वाली नीतियां हैं और न ही संरचनात्मक रूप से जरूरत से ज्यादा उत्पादन क्षमता। सिंगापुर पर 20 प्रतिशत टैरिफ का प्रस्ताव है। उसने भी निराशा जताई है। मलेशिया ने कहा कि उसके विनिर्माण क्षेत्र में ऐसा अतिरिक्त उत्पादन नहीं है, जिससे वैश्विक बाजार प्रभावित हो।

25 प्रतिशत शुल्क में शामिल हैं 6 देश

अमेरिकी प्रशासन द्वारा घोषित प्रस्तावों के तहत भारत सहित 6 अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं दक्षिण कोरिया, ताइवान, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और कंबोडिया पर 25 प्रतिशत तक के अतिरिक्त शुल्क का शिकंजा कसा गया है। अमेरिका ने विनिर्माण क्षेत्र में संरचनात्मक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता और उत्पादन से जुड़े मामलों को लेकर 16 अर्थव्यवस्थाओं की जांच की थी। इनमें चीन, यूरोपीय संघ, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, ताइवान, बांग्लादेश, जापान, नॉर्वे, मेक्सिको और भारत शामिल हैं।

अमेरिका समझौते के लिए बना रहा दबाव: जीटीआरआई

थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से सेक्शन 301 जांच के तहत प्रस्तावित नए टैरिफ पुराने पारस्परिक शुल्क ढांचे को नए नाम से लागू करने की कोशिश हैं। इस दोहरी दर व्यवस्था का उद्देश्य व्यापारिक साझेदारों को महंगे और एकतरफा व्यापार समझौतों के लिए तैयार करना है। इसके तहत समझौता नहीं करने वाले देशों को अधिक टैरिफ की चेतावनी दी गई है, जबकि समझौते पर सहमत होने वाले देशों को कम दर का प्रस्ताव दिया गया है।

भारत ने जांच प्रक्रिया में रखा अपना पक्ष

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत ने पूरी जांच प्रक्रिया के दौरान रचनात्मक तरीके से भाग लिया। जांच शुरू होने के नोटिस के जवाब और बाद की कार्यवाही में वाणिज्य विभाग ने स्पष्ट किया था कि भारत के किसी भी क्षेत्र में संरचनात्मक रूप से अतिरिक्त उत्पादन क्षमता नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत का लगातार यह रुख रहा है कि व्यापार से जुड़ी किसी भी चिंता का समाधान इन वार्ताओं के दायरे में किया जाना चाहिए। बयान में कहा गया कि भारत सरकार 2 फरवरी 2026 को घोषित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते और 7 फरवरी 2026 को जारी संयुक्त बयान के अनुरूप जल्द समझौता करने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध है।

खबर संक्षेप

मिस्र में टैंकर पलटने से आग, 30 जिंदा जले


काहिरा। मिस्र की राजधानी काहिरा के पास बुधवार रात को एक ईंधन टैंकर के पलटने से



भीषण आग लग गई। हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य झुलस गए। आग की चपेट में आने से दो दर्जन से अधिक कारें और मोटरसाइकिलें जलकर खाक हो गईं। हादसा काहिरा के प्रमुख रिंग रोड पर हुआ। गीजा प्रांत के अल-वर्राक इलाके में पेट्रोलियम उत्पादों से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके बाद उसमें आग लग गई।

अमिताभ को 5वीं बार बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। 26/11 मुंबई आतंकी हमलों की 18वीं बरसी के दिन अमिताभ बच्चन के घर जलसा और गायक



दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई की मेयर ऋतु तावड़े को एक धमकी भरा ईमेल मिला है। इस मेल में बृहन्मुंबई नगर निगम मुख्यालय स्थित मेयर के दफ्तर और मुंबई मेट्रो नेटवर्क समेत कई अहम जगहों को उड़ाने की बात कही गई है। महालक्ष्मी रेस कोर्स में आज होने वाले गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को भी निशाना बनाने की बात कही है।

दुनिया की बदलती सुरक्षा चुनौतियों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चेताया

सुरक्षा के लिए साइबर हमले, दुष्प्रचार और हाइब्रिड युद्ध से भी निपटना होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया की बदलती सुरक्षा चुनौतियों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चेताया है कि भविष्य सुरक्षित रहने के लिए साइबर हमले, दुष्प्रचार और हाइब्रिड युद्ध से भी निपटना होगा। यहां राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) के 66वें पाठ्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वैश्विक शक्ति संतुलन बदल रहा है। रणनीतिक प्रभाव के नए केंद्र उभर रहे हैं और पारंपरिक गठजोड़ व साझेदारियां भी नए सिरे से आकार ले रही हैं। संघर्ष का स्वरूप भी बदल रहा है।

पारंपरिक सैन्य खतरों के साथ-साथ अब साइबर हमले, दुष्प्रचार, आर्थिक दबाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और हाइब्रिड युद्ध के अन्य रूप भी देखने को मिल रहे हैं। आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के बीच तथा शांति और संघर्ष के बीच की सीमाएं भी लगातार धुंधली होती जा रही हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि तेजी से परस्पर जुड़ती दुनिया में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत बढ़ रही है। भारत संप्रभुता के सम्मान, आपसी विश्वास और साझा जिम्मेदारियों के आधार पर ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण में विश्वास करता है।

> रक्षा मंत्री ने कहा कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के बीच तथा शांति और संघर्ष के बीच की सीमाएं भी लगातार धुंधली होती जा रही हैं।

भारत के सामने कई चुनौतियां

सोच-समझकर निर्णय लेना जरूरी

रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मामलों में फैसले लेने वाले नेताओं के पास हमेशा सारी जानकारी उपलब्ध नहीं होती और न ही हर संभावित विकल्प पर विचार करने के लिए पर्याप्त समय होता है। ऐसे में उन्हें विवेकपूर्ण निर्णय लेने, उपलब्ध विकल्पों का आकलन करने और परिस्थितियों के अनुरूप सबसे उचित कदम चुनने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि रणनीतिक नेतृत्व की असली चुनौती पूरी जानकारी या आदर्श परिस्थितियों का इंतजार करना नहीं, बल्कि सोच-समझकर निर्णय लेना है। साथ ही, इन निर्णयों के व्यापक सैन्य, आर्थिक, कूटनीतिक और संस्थागत प्रभावों को भी ध्यान में रखना जरूरी है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रणनीतिक पड़ोस, सीमा प्रबंधन, समुद्री सुरक्षा जैसे नए विषय शामिल करें

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की भौगोलिक स्थिति, लंबी जमीनी सीमाएं, समुद्री हित और बढ़ती अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां उसे एक जटिल रणनीतिक वातावरण में रखती हैं। ऐसे में चुनौती केवल तत्काल खतरों का प्रभावी ढंग से जवाब देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उभरते जोखिमों का अनुमान लगाने, संभावित परिस्थितियों का आकलन करने और भविष्य के सुरक्षा माहौल के लिए संस्थानों को तैयार करने की भी है।

उभरती तकनीकों पर विशेष सत्र सराहनीय

रक्षा मंत्री ने एआई, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, मानवरहित स्वायत्त वाहन, एयरोस्पेस तकनीक, सेमीकंडक्टर और अन्य उभरती तकनीकों पर विशेष सत्र शुरू किए जाने की सराहना की। उन्होंने एआई पर विशेष पाठ्यक्रम और रणनीतिक अभ्यासों में एआई की अवधारणाओं को शामिल किए जाने को भी स्वागतयोग्य कदम बताया। उन्होंने एनडीसी को रणनीतिक पड़ोस, सीमा प्रबंधन, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण तकनीकें, आर्थिक सुरक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और आंतरिक व बाहरी खतरों का बदलता स्वरूप जैसे नए विषयों को शामिल करने की सलाह दी।

एनडीसी में अनुभव और विचारों का संगम

राजनाथ सिंह ने कहा कि एनडीसी की सबसे बड़ी ताकत सैन्य अधिकारियों, सिविल सेवा अधिकारियों और विदेशी प्रतिभागियों को एक साझा मंच पर लाना है। इससे उन्हें विभिन्न क्षेत्रों की जटिलताओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण को समझने का अवसर मिलता है। अलग-अलग अनुभवों और विचारों का यह संगम ऐसे दौर में खास अहमियत रखता है, जब राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां संस्थागत और भौगोलिक सीमाओं से आगे बढ़ रही हैं।

ज्ञान को वास्तविक चुनौतियों से जोड़ें

रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में विकसित ज्ञान को देश की वास्तविक राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से जोड़ने की दिशा में अगला कदम उठाया जाना चाहिए। उद्देश्य केवल ऐसे अधिकारियों को तैयार करना नहीं होना चाहिए, जो रणनीतिक चुनौतियों को समझते हों, बल्कि ऐसा संस्थागत वातावरण भी विकसित करना चाहिए, जहां उनका सामूहिक अनुभव और बौद्धिक क्षमता इन चुनौतियों से निपटने में योगदान दे सके।

जयशंकर से मॉरीशस के विदेश मंत्री की भेंट

द्विपक्षीय सहयोग, समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने पर चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की 25वीं काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स (सीओएम) की बैठक में शामिल होने आए मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय (रितेश) रामफुल ने गुरुवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने भारत-मॉरीशस 'उन्नत रणनीतिक साझेदारी' को और मजबूत करने पर बात की। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आईओआरए की मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान मॉरीशस के विदेश मंत्री से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख क्षेत्रों की समीक्षा की, जिसमें 'विशेष आर्थिक पैकेज' के तहत हुई प्रगति भी शामिल है। हमने भारत-मॉरीशस 'उन्नत रणनीतिक साझेदारी' को और मजबूत करने तथा भारत के विजन महासागर और नेबरहुड फर्स्ट नीति के तहत मॉरीशस की विकास प्राथमिकताओं का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।



धनंजय रामफुल और एस. जयशंकर

आईओआरए की आज बैठक, 23 देश शामिल

विदेश मंत्रालय के अनुसार, हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग, समुद्री सुरक्षा के उद्देश्य से भारत 27 नवंबर को इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की 25वीं काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स (सीओएम) की बैठक की मेजबानी करेगा। नई दिल्ली में होने वाली इस उच्चस्तरीय बैठक में संगठन के 23 सदस्य देशों और 12 संवाद साझेदारों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। यही वजह है कि तमाम सदस्य देशों के प्रतिनिधि भारत आ रहे हैं। भारत की 2025-2027 की आईओआरए अध्यक्षता का विषय 'हिंद महासागर क्षेत्र में नवाचार, खुलापन, लचीलापन और अनुकूलन क्षमता' रखा गया है।

भविष्य की प्राथमिकताओं पर की चर्चा

बैठक से पहले 25 और 26 नवंबर को आईओआरए की 29वीं कमेटी ऑफ सीनियर ऑफिशियल्स (सीएसओ) की बैठक हुई। इसमें सदस्य देशों के वरिष्ठ अधिकारी संगठन के कामकाज, क्षेत्रीय सहयोग के मौजूदा ढांचे और भविष्य की प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया। इसके बाद आज होने वाली मंत्रिस्तरीय बैठक में सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान और संगठन की भावी नीतिगत दिशा पर चर्चा होगी। गुरुवार को ही सेशेल्स के विदेश मामलों और प्रवासी मंत्री बैरी फॉरे भी दिल्ली पहुंचे, जिनका औपचारिक स्वागत करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखा कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार का गर्मजोशी से स्वागत!

चीन को खटकी भारत-जापान की दोस्ती

अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सतर्क रहने की दी सलाह, नई दिल्ली के साथ हालात 'स्थिर'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और जापान के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग पर चीन ने नाराजगी जताई है। दोनों देशों ने मिसाइल तकनीक, समुद्री सुरक्षा और नौसेना के क्षेत्र में मिलकर काम करने पर सहमति जताई है। इसे लेकर चीन ने जापान पर सैन्य ताकत बढ़ाने का आरोप लगाया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सतर्क रहने और ठोस जवाबी कदम उठाने की अपील की। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल चेन शी ने गुरुवार को बीजिंग में मासिक प्रेस वार्ता के दौरान यह बयान दिया।

भारत-चीन लगातार संपर्क में



वरिष्ठ कर्नल चेन शी

भारत के साथ सीमा पर स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर चेन शी ने कहा कि दोनों देशों के बीच हालात सामान्य रूप से स्थिर हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत और चीन राजनयिक तथा सैन्य माध्यमों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। जनरल स्तर की बैठकें भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा हैं। दोनों देश आपसी सहमति को लागू करने और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं।

भारत के अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं दी

चीन ने अरुणाचल प्रदेश को जांगनान और दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है। चेन शी ने कहा कि चीन भारत की ओर से बनाए गए तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं देता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी इलाके में चीनी सैनिकों की आक्रामक गतिविधियों को लेकर दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है। यह बातचीत इसी महीने कई दिनों तक चली थी। इससे पहले सितंबर में भी दोनों देशों के सैन्य कमांडरों ने अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में सीमा के दोनों ओर दो चरणों में फ्लैग मीटिंग की थी।

स्पेन के तट पर बड़ा हादसा

इबीजा तट के पास डीजल से भरा टैंकर समुद्र में डूबा, 8 भारतीय नाविक सुरक्षित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

8 भारतीय नाविकों को लेकर जा रहा टैंकर एमटी मेड एमरे स्पेन के इबीजा तट के पास बुधवार रात को डूब गया। हालांकि टैंकर में सवार सभी 8 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया।

केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी 8 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और उन्हें चिकित्सा देखभाल के लिए स्पेन के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि जहाज के डूबने से पहले ही नाविकों ने उसे छोड़ दिया था।

उन्होंने कहा कि हम स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और अपने



एआई इमेज

नाविकों की निरंतर सुरक्षा, चिकित्सा सहायता और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए क्रू मैनेजर के साथ निकट संपर्क में हैं।

माल्टा के झंडे वाला यह केमिकल और डीजल टैंकर दक्षिणी स्पेन के अल्जेसिरास से बार्सिलोना जा रहा था। टैंकर में करीब 7,000 टन डीजल लदा था। टैंकर में कुल 17 नाविक सवार थे। स्पेन की समुद्री बचाव सेवा ने सभी 17 लोगों को बाहर निकाल लिया। हालांकि अस्पताल ले जाने के बाद एक क्रू सदस्य की मौत हो गई।

अगले सप्ताह होगा राजदूतों का गोलमेज सम्मेलन

एयरो इंडिया-2027: भागीदारी के लिए रक्षा मंत्री के हाथों जाएगा निमंत्रण!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किए जाने वाले एशिया के सबसे बड़े वैमानिकी शो 'एयरो इंडिया-2027' की तैयारियों को लेकर रक्षा मंत्रालय ने अपनी कमर कस ली है। अगले सप्ताह नौसेनादिवस के ठीक बाद राष्ट्रीय राजधानी में आयोजन की तैयारियों के औपचारिक आगाज को प्रदर्शित करने वाला राजदूतों और उच्चायुक्तों का एक गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।

150 से अधिक देशों को किया आमंत्रित



सम्मेलन में शामिल होने के लिए दुनिया के 150 से अधिक देशों के राजनयिक प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं, एयरो इंडिया में भागीदारी की पुष्टि के बाद आने वाले देश आयोजन स्थल पर अपनी-अपनी वायुसेनाओं के लड़ाकू, परिवहन या निगरानी विमानों, हेलिकॉप्टरों के साथ भाग लेंगे। कुछ येलहंका स्टेशन पर लगाई जाने वाली रक्षा प्रदर्शनी में पवेलियन के माध्यम से रक्षा उत्पादों, सेवाओं के साथ अपनी सैन्य-सामरिक क्षमताओं का प्रदर्शन भी करेंगे।

अमेरिका, रूस, चीन पर रहेगी नजर

गोलमेज सम्मेलन में नई दिल्ली में मौजूद अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली सहित अन्य देशों के राजनयिक प्रतिनिधियों की भागीदारी देखने को मिल सकती है। अमेरिका की तरफ से एक बार फिर से पारस्परिक टैरिफ में की जा रही बढ़ोतरी के बीच यह पहला ऐसा मौका होगा। जब नई दिल्ली में उनके राजनयिक, दूतावास के प्रतिनिधि रक्षा मंत्री से मुलाकात करेंगे। साथ ही दक्षिण-एशिया में भारत के निकट पड़ोसी देश भी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। जिनमें श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान की भागीदारी देखने को मिल सकती है।

26/11 मुंबई हमले के 18 साल: दुनिया ने बलिदानियों को किया नमन

पाकिस्तान पर कार्रवाई क्यों नहीं की थी? भाजपा ने राहुल से पूछा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले को 18 साल बीत चुके हैं, लेकिन उस रात का खौफ आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। इस हमले में 166 लोगों की जान चली गई थी, जबकि करीब 300 लोग घायल हुए थे।

गुरुवार को हमले की बरसी पर भाजपा ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों को लेकर कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। भाजपा ने आरोप लगाया कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के बजाए वोट बैंक की राजनीति को चुना।

कांग्रेस ने राजनीति के चलते पाकिस्तान को दी क्लीन चिट

आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद राहुल पार्टी कर रहे थे



मुंबई के ताज होटल पर हमला फाइल फोटो

आरएसएस की साजिश क्यों बताया?

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को 26/11 मुंबई आतंकी हमलों को लेकर तीन सवालों के जवाब देने चाहिए। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने पाकिस्तान पर हमला क्यों नहीं किया? कांग्रेस ने मुंबई आतंकी हमले को 'आरएसएस की साजिश' बताकर पाकिस्तान को क्लीन चिट क्यों दी? 26/11 मुंबई आतंकी हमले के कुछ ही दिनों बाद राहुल गांधी पार्टी क्यों कर रहे थे?

कांग्रेस ने वोट बैंक को चुना

अपनी पोस्ट में, भंडारी ने एक मीडिया रिपोर्ट को भी टैग किया, जिसमें कथित तौर पर इस दुखद घटना के तुरंत बाद राहुल गांधी के पार्टी करने का जिक्र था। भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद गांधी-वाड्रा परिवार की वोट बैंक की राजनीति के कारण पाकिस्तान को क्लीन चिट दी। उन्होंने देश की सुरक्षा के बजाय वोट बैंक को चुना।

वीर जवानों को नमन: गृह मंत्री शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को नमन करता हूं और इस हमले में जान गंवाने वाले सभी निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आतंकवाद मानवता के विरुद्ध सबसे जघन्य अपराध है। आज भारत आतंक के हर रूप और हर साजिश के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई कर रहा है।

राष्ट्र का मनोबल कभी नहीं टूटेगा: राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सुरक्षाकर्मियों के साहस और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद भले ही लोगों की जिंदगी तबाह कर सकता है, लेकिन साहस, करुणा और दृढ़ संकल्प के साथ एकजुट होकर खड़े राष्ट्र की भावना को कभी नहीं तोड़ सकता।

आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ यूएस: गोर

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और दोनों देश मिलकर इस चुनौती का मुकाबला करेंगे। गोर ने कहा कि मुंबई आतंकी हमलों में मारे गए 166 लोगों को अमेरिका याद कर रहा है, जिनमें 6 अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे।

एनडीआरआरएमए ने वेबसाइट पर जारी की सूची

नेपाल ने शुरू की बाढ़ के बाद लापता भारतीयों को मृत घोषित करने की प्रक्रिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेपाल ने इस साल अगस्त महीने में तिब्बत सीमा पर त्रिशूली-भोटेकोशी में आई भयावह बाढ़ के बाद लापता हुए विदेशी नागरिकों को आधिकारिक रूप से मृत घोषित करने की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। पड़ोसी देश के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) ने अपनी वेबसाइट में लापता हुए कुल 213 भारतीयों की एक सूची भी प्रकाशित की है। सूची में लोगों के नाम शामिल करने, हटाने तथा विवरण में संशोधन को लेकर एनडीआरआरएमए ने हरेक से अपनी आपत्तियां दर्ज कराने या



सुझाव देने के लिए कहा है। इसके बाद नेपाल सरकार सूची को अंतिम रूप देगी और उसे आधिकारिक रूप से सार्वजनिक करते हुए मृतकों का आंकड़ा सबके सामने रखेगी। भारतीय दूतावास ने लापता लोगों के परिजनों से 2 दिसंबर से पहले ईमेल eoikathmandufloodsupport@gmail.com और मोबाइल +9779851316807 पर संपर्क करने को कहा है। दूतावास भी लापता लोगों के संबंध में दस्तावेज या अन्य विवरण मांग रहा है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in